12 जून 2025
गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



सीएम नीतीश ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा 5



# अशोक राजपथ पर बने पटना के पहले डबल डेकर फ्लाईओवर का सीएम नीतीश ने किया उद्घाटन

## पटना को मिली सौगात

- कारगिल चौक से एनआईटी तक की 2.2 किमी की यात्रा अब बिना रुके हो पाएगी
- 422 करोड़ की लागत से बने इस फ्लाईओवर से लोगों को जाम से मिलेगी बड़ी राहत







**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना को बुधवार को एक बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को अशोक राजपथ पर पटना के पहले डबल डेकर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस फ्लाईओवर के शुरू होने से कारगिल चौक से एनआईटी तक की 2.2 किमी की यात्रा अब बिना रुके हो पाएगी। इसके साथ ही, यह फ्लाईओवर लोगों को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत देगा। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड ने इस दो-लेन डबल डेकर फ्लाईओवर का निर्माण किया है। इसमें 422 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री ने 4 सितंबर, 2021 को किया था। उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद रविशंकर प्रसाद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस फ्लाईओवर के अनुसार ही 2 सर्विस लेन भी बनी हैं, जिससे आना-जाना आसान होगा। यह फ्लाईओवर खासतौर पर पीएमसीएच अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए राहत देगा। अब जाम में फंसने की समस्या लोगों को कभी नहीं होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पटना की ट्रैफिक व्यवस्था को सही बनाने के लिए लगातार काम हो रहा है। यह फ्लाईओवर इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। डबल डेकर फ्लाईओवर का यह प्रोजेक्ट न केवल आधुनिक शहरी परिवहन का उदाहरण है, बल्कि यह पटना के बुनियादी ढांचे को नई दिशा देने वाला मील का पत्थर भी है।

### 4 सितंबर 2021 को की गई थी परियोजना की शुरुआत

इस फ्लाईओवर के बनने से अशोक राजपथ के इलाके में लोगों को जो जाम की समस्याओं से परेशानी होती थी, वह लगभग खत्म हो गयी है। पुल के नीचे सड़क पर भी जो लोगों के आने-जाने के लिए पूरी सुविधा दी गई है। पुल की कनेक्टिविटी आने वाले दिनों में मेट्रो से जोड़ दी जाएगी। इस डबल डेकर फ्लाईओवर में ग्राउंड लेवल पर 5.50 मीटर चौड़ी दो समानांतर सर्विस लेन बनाकर आमजनों के लिए यातायात को सुगम बनाया गया है। पहली मंजिल से कृष्णा घाट से बीएन कॉलेज तक आवागमन की सुविधा दी गई है। दूसरी मंजिल से कारगिल चौक से एनआईटी की दिशा में ट्रैफिक को निर्देशित किया गया है। इस परियोजना की शुरूआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 4 सितंबर 2021 को की थी। 44 महीनों में इसे पूरा किया गया है। इस डबल डेकर फ्लाईओवर के चालू होने के बाद अब राज्य के किसी भी हिस्से से पीएमसीएच तक पहुंचने के चार विकल्प उपलब्ध होंगे। पहला विकल्प जेपी गंगा पथ से दीदारगंज और दीघा की ओर से, गांधी मैदान की ओर से सर्विस लेन के माध्यम से, पटना सिटी की ओर से डबल डेकर फ्लाईओवर द्वारा और सीधे पीएमसीएच पार्किंग तक डबल डेकर फ्लाईओवर से पहुंचने की सुविधा होगी। पीएमसीएच की मल्टी लेवल पार्किंग को भी तीन अलग-अलग लेनों के माध्यम से अशोक राजपथ और फ्लाईओवर से जोड़ा गया है। इस फ्लाईओवर के लिए बीएन कॉलेज, सेंट मेरी चर्च, पीरबहोर थाना, पीएमसीएच और पटना विश्वविद्यालय की बाउंड्री को हटाकर सर्विस लेन चौड़ी की गई है।

## खबरें फटाफट

### जवानों को खराब रैक देने के मामले में रेलवे के चार अधिकारी सस्पेंड

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ के 1200 जवानों को जर्जर ट्रेन देने के मामले में गाज गिर गई है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि खराब रैक देने के मामले में रेलवे के चार अधिकारी सस्पेंड कर दिए गए हैं। यह स्पेशल ट्रेन छह जून को बीएसएफ जवानों को लेकर त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी स्टेशन के लिए रवाना होनी थी। बीएसएफ के जवानों को भारतीय रेलवे ने एक ऐसी ट्रेन मुहैया करा दी कि उसकी जर्जर हालत देखकर जवान दंग रह गए। ट्रेन की हालत देखकर ऐसा लग रहा था कि जैसे उसे लंबे समय से इस्तेमाल ही न किया गया हो। खिड़की, दरवाजे, बिजली उपकरण व टॉयलेट, सब जर्जर हालत में थे। बीएसएफ जवानों ने अपने अधिकारियों को उक्त घटना से अवगत कराया। चार दिन बाद एनएफआर जोन ने दूसरी ट्रेन उपलब्ध कराई। बीएसएफ जवानों को अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी के लिए कश्मीर पहुंचना था। बीएसएफ के कंपनी कमांडर ने स्पेशल ट्रेन का निरीक्षण किया कि वह जवानों की सुरक्षा एवं दूसरी आवश्यकताओं के हिसाब से ठीक है या नहीं। निरीक्षण के दौरान ट्रेन की हालात देखकर बीएसएफ के अधिकारी और जवान हैरान रह गए।

### करोड़ों यात्रियों को राहत देने की तैयारी, रेलवे जल्द लागू करेगा नया नियम

# अब 24 घंटा पहले पता चल जाएगा कि ट्रेन का टिकट कंफर्म हुआ या नहीं

- नई व्यवस्था की शुरूआत 6 जून से बीकानेर डिविजन में एक ट्रेन पर प्रयोग के तौर पर की गई है
- अब तक रेलवे वेटिंग लिस्ट का अंतिम चार्ट ट्रेन के चलने से 2.5 से 4 घंटे पहले बनाता था

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ट्रेन से यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों के लिए राहत खबर है। अब वेटिंग लिस्ट में फंसे यात्रियों को यह जानने के लिए आखिरी समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा कि उनका टिकट कन्फर्म होगा या नहीं। सूत्रों के मुताबिक भारतीय रेलवे ने इस दिशा में एक बड़ी पहल की है जिसके तहत वेटिंग टिकट का चार्ट अब चार घंटे पहले नहीं, बल्कि पूरे 24 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। इस नई व्यवस्था की शुरूआत 6 जून से बीकानेर डिविजन में एक ट्रेन पर प्रयोग के तौर पर की गई है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक इस बदलाव के शुरूआती चार दिनों में ही इसका असर बेहद सकारात्मक रहा है। यात्रियों को काफी सहूलियत मिली है और उन्हें यात्रा की योजना बनाने में ज्यादा स्पष्टता और समय मिला है।

अब तक रेलवे वेटिंग लिस्ट का अंतिम चार्ट ट्रेन के चलने से 2.5 से 4 घंटे पहले बनाता था। इससे यात्रियों को यह तय करने का बहुत ही कम समय मिल पाता था कि वे यात्रा करेंगे या नहीं। लेकिन अगर चार्ट एक दिन पहले बन जाएगा, तो यात्री फ्लाइट, बस या दूसरी ट्रेन जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने के बारे में सोच सकते हैं। यह व्यवस्था खासतौर पर उन रूट्स पर ज्यादा फायदेमंद होगी जहां वेटिंग लिस्ट हमेशा लंबी रहती है, जैसे कि दिल्ली से बिहार, उत्तर प्रदेश,बंगाल या फिर यूपी-बिहार से मुंबई और गुजरात के बीच चलने वाली ट्रेनें।



### नई पहल से मौजूदा टिकट नियमों में नहीं किया जाएगा कोई बदलाव

रेलवे के मुताबिक एक दिन पहले चार्ट तैयार होने से कोच की संख्या बढ़ाने, क्लोन ट्रेन चलाने और यात्रियों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने में भी मदद मिलेगी। जब रेलवे को पहले से यह जानकारी होगी कि कितने यात्री सफर करेंगे और कितने वेटिंग में हैं तो वह उसके अनुसार अपनी योजना बना सकता है। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस नई पहल से मौजूदा टिकट नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। तत्काल टिकट बुकिंग और अन्य रिजर्वेशन नियम पहले जैसे ही रहेंगे। 21 मई को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बीकानेर का दौरा किया था, जहां स्थानीय रेलवे अधिकारियों ने उन्हें यह सुझाव दिया था कि चार्ट तैयार करने की समय-सीमा बढ़ाई जाए। रेल मंत्री को यह विचार पसंद आया और उन्होंने तुरंत इसे मंजूरी दे दी। बीकानेर डिविजन में सफल ट्रायल के बाद रेलवे अब इसे देश के अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने की योजना बना रहा है। खासकर उन रूट्स पर जहां वेटिंग लिस्ट ज्यादा रहती है और यात्रियों की भीड़ अधिक होती है। अगर यह प्रयोग सफल रहता है, तो आने वाले समय में हर यात्री को कम से कम एक दिन पहले यह जानकारी मिल सकेगी कि उसका टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं।

### 1 जुलाई से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड वेरिफाई होना जरूरी

**नई दिल्ली।** 1 जुलाई 2025 से भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग को लेकर एक बड़ा बदलाव लागू करने का फैसला लिया है। अब सिर्फ वही लोग तत्काल टिकट बुक कर पाएंगे जिनका आधार कार्ड आईआरसीटीसी पोर्टल या ऐप पर वेरिफाई हो चुका होगा। रेल मंत्रालय ने 10 जून को एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें सभी जोनल रेलवे को निर्देश दिया गया है कि अब तत्काल टिकट सिर्फ उन्हीं यूजर्स को मिलेगा जिन्होंने ओटीपी के जरिए अपना आधार नंबर आईआरसीटीसी पर वेरिफाई कर लिया हो। रेलवे का कहना है कि इस कदम का मकसद है तत्काल योजना का फायदा सिर्फ असली पैसेंजर्स तक पहुंचाना। अभी तक ये देखा गया था कि कई दलाल और एजेंट इस स्कीम का गलत इस्तेमाल करते थे और सही यात्री को टिकट नहीं मिल पाता था। अब जब बुकिंग सिर्फ आधार वेरिफिकेशन वाले अकाउंट से होगी, तो फर्जी बुकिंग बंद होंगी, पारदर्शिता आएगी। तत्काल टिकट बुकिंग का टाइम वैसे ही रहेगा, सफर से एक दिन पहले, लेकिन अब एक नया ट्विस्ट है। आईआरसीटीसी ने साफ किया है कि तत्काल बुकिंग शुरू होने के पहले 10 मिनट तक सिर्फ वे लोग टिकट बुक कर सकेंगे, जिनका अकाउंट आधार से लिंक है। इस दौरान कोई एजेंट बुकिंग नहीं कर पाएगा।

## नालंदा में अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत



**केटी न्यूज/पटना**

नालंदा जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जिसने एक ही रात में चार जिंदगियां लील लीं। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है।

पहली घटना सरमेरा थाना क्षेत्र के बड़ी मलावा गांव में घटी। यहां एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान धनावांडीह गांव निवासी छोटू साव और चुनचुन साव के रूप में हुई है। वहीं, शिवदानी चौधरी गंभीर रूप से घायल है। ये तीनों मजदूर बेना थाना क्षेत्र के दोसुत गांव से मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही सरमेरा पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल बिंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने छोटू साव और चुनचुन साव को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिवदानी चौधरी को प्राथमिक उपचार के बाद विम्स पावापुरी रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सरमेरा थानाध्यक्ष सकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि तीनों मृतक एक ही गांव के निवासी और आपस में मित्र थे, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

**दूसरा हादसा: पावापुरी में बुजुर्ग महिला कुचली:** दूसरी घटना पावापुरी ओपी क्षेत्र के चोरसुआ गांव के पास हुई। यहां सड़क पार करने के दौरान एक 73 वर्षीय ज्ञानती देवी को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**तीसरा हादसा: नूरसराय में पैदल जा रहे मजदूर की मौत:** तीसरी घटना नूरसराय थाना क्षेत्र में हुई। यहां दरुआरा गांव निवासी 40 वर्षीय मजदूर सुधीर राउत को अज्ञात वाहन ने पहलाद नगर के पास उस समय कुचल दिया, जब वह मजदूरी कर पैदल अपने घर लौट रहा था। इस हादसे में भी सुधीर राउत की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## कर्नाटक सरकार 60-70 दिनों के अंदर राज्य में नई जाति पुनर्गणना कराएगी

**एजेंसी/बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को एलान किया कि राज्य सरकार आगामी 60 से 70 दिनों के भीतर राज्य में नई जाति पुनर्गणना कराएगी। यह निर्णय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस पुनर्गणना की रूपरेखा और प्रक्रिया पर गुरुवार को कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, हाईकमान ने कहा कि कुछ शिकायतें आई हैं क्योंकि सर्वे 2015-16 में हुआ था और अब उसे 9-10 साल हो चुके हैं। इसलिए अल्प समय में लगभग 60-70 दिनों में पुनः गणना की जाएगी। हम पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को पूरी तरह अस्वीकार नहीं कर रहे हैं। उस रिपोर्ट को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया गया है, लेकिन केवल पुनर्गणना की जाएगी। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, यह मेरा या सरकार का नहीं है, यह कांग्रेस हाईकमान का निर्णय है।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के दोषियों की याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट बोला- कोई रियायत नहीं देंगे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के दोषियों की आजीवन कारावास की सजा को चुनौती देने वाली अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। कोई रियायत नहीं दी जाएगी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दोषियों संजय पैकरा और पुष्पम यादव की अपील खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। आपने वैन चालक के साथ मिलकर एक नाबालिग स्कूली छात्रा का अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। हमें इसमें किसी तरह की रियायत की जरूरत नहीं है। इसे खारिज किया जाता है।

पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई कि लड़की की सहमति थी और जब उसे एकांत कारावास में रखा गया था। उस दौरान उसने कोई शोर नहीं मचाया। पीठ ने कहा कि वह नाबालिग है। यह साबित हो चुका है और अब किसी और बात की जरूरत नहीं है।

हाईकोर्ट ने 5 अगस्त, 2024 को 2019 के अपहरण और दुष्कर्म मामले में पैकरा, यादव और संतोष गुप्ता को सातवीं कक्षा की छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म के अपराध के लिए दोषी ठहराते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिये गए कई फैसले

# 6405 करोड़ रु. की दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान पीएम ने कामकाज का ब्योरा लेने के साथ ही मंत्रियों को कई नसीहत भी दी। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वो अपने मंत्रालयों से अलग मुद्दों पर बोलने से बचें और बेवजह की बयानबाजी न करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री सरकार की ग्यारह साल की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाएं। अपने मंत्रालयों के कामकाज और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएं।



इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इन दोनों रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। स्वीकृत परियोजनाओं में से एक 133 किमी लंबे कोडरमा-बरकाकाना ट्रैक के दोहरीकरण से संबंधित है। यह ट्रैक न केवल झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरता है, बल्कि पटना एवं रांची के बीच का सबसे छोटा और अधिक सक्षम रेल संपर्क मार्ग भी है।

दूसरी परियोजना 185 किलोमीटर लंबे बेल्लारी-चिकजाजुर ट्रैक के दोहरीकरण की है। यह ट्रैक कर्नाटक के बेल्लारी एवं चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरता है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,408 गांवों तक रेल संपर्क बढ़ेगा। इन गांवों की कुल आबादी लगभग 28.19 लाख है। सरकार ने बयान में कहा, ये रेल मार्ग कोयला, लौह अयस्क, तैयार इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि एवं पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक हैं। इनकी क्षमता में वृद्धि से 4.9 करोड़ टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।



# अहियापुर तिहरे हत्याकांड के मुख्य तीन आरोपी पुलिस रिमांड पर

- पूछताछ के दौरान पुलिस की पहली प्राथमिकता घटना में इस्तेमाल आर्म्स को बरामद करना
- 24 मई की सुबह अहियापुर गांव में चुनावी रंजिश व वर्चस्व की जंग में हुई थी तीन लोगों की हत्या





**केटी न्यूज/बक्सर**

अहियापुर ट्रिपल मर्डर हत्याकांड के तीनों मुख्य आरोपी को बक्सर पुलिस ने कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया है। जिसमें पूर्व जिप उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मुखिया मनोज यादव व बटेश्वर यादव को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि उन्हें कहा रखा गया इसके बारे में जानकारी देने से पुलिस पदाधिकारी है। वहीं जानकारों की मानें तो हत्याकांड के तीनों मुख्य आरोपियों से पूछताछ के लिए एक लम्बी सवालों की सूची तैयार है। जिसमें मुख्य से घटना में इस्तेमाल आर्म्स के बारे में पूछताछ होगी। कहां रखा गया है। पुलिस की पहली प्राथमिकता आर्म्स की बरामदगी है। ज्ञात हो कि एक जून को राजपुर ट्रिपल मर्डर के मुख्य आरोपी पूर्व जिप उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मुखिया मनोज यादव व बटेश्वर यादव ने व्यवहार न्यायालय बक्सर के सीजेएम कोर्ट में कर दिया। उन्हें अधिवक्ता धीरज कुमार ठाकुर के द्वारा सीजेएम द्विवेश कुमार के कोर्ट में आत्मसमर्पण कराया गया था। बता दें कि 24 मई की सुबह अहियापुर गांव में चुनावी रंजिश व वर्चस्व की जंग में दबंगों ने खून की होली खेली थी। इस दौरान मनोज यादव व संतोष यादव ने अपने गुर्गो के साथ सुबह में नहर पुल पर बैठे पीड़ित परिवार के लोगों को गोलियों से छलनी कर दिया था। इस घटना में अहियापुर निवासी बिरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह व विनोद सिंह की मौत हो गई थी। जबकि गोलीबारी के शिकार अमित उर्फ मंटू यादव व पूजन सिंह उर्फ पूंज का इलाज वाराणसी के अस्पातल में कराया गया था। जिनमें एक का पैर काटना पड़ा था। इस हत्याकांड के मृतक बिरेन्द्र सिंह के पुत्र अजित कुमार सिंह ने पूर्व जिप उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मुखिया मनोज यादव व बटेश्वर यादव समेत कुल 19 नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था।

**कहते है एसपी**

पुलिस कप्तान शुभम आर्य ने पुष्टि करते हुए कहा कि तीनों अपराधियों द्वारा बक्सर व्यवहार न्यायालय में सरेंडर के बाद उन्हें रिमांड पर लाने के लिए अर्जी दी गयी थी। जिसे स्वीकार करते हुए तीनों आरोपियों को चार दिन के लिए कोर्ट के द्वारा रिमांड पर दिया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### डुमरांव में शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर के जंगल बाजार रोड में छापेमारी कर शराब की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान स्थानीय मोहल्ला निवासी अयोध्या प्रसाद केशरी के रूप में हुई है। उसके पास से 3.76 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अयोध्या अपने घर से शराब की तस्करी कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम उसके घर छापेमारी करने पहुंची, लेकिन पुलिस को आते देख वह एक झोला में शराब रख भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ा पकड़ लिया और तलाशी के दौरान झोला से शराब की खेप बरामद हुई। डुमरांव के प्रभारी थानाध्यक्ष मतेन्द्र कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### राजपुर में आयोजित हुई मां काली की पूजा

**राजपुर।** प्रखंड के कई गांवों में बुधवार को मां काली की वार्षिक पूजा धूमधाम के साथ की गई। इस दौरान क्षेत्र के सुजायतपुर, मंगरॉव, संगरॉव के अलावा कई अन्य गांवों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा की गई।महिलाओं ने मांगलिक गीत गाकर माहौल को भक्तिपूर्ण बनाये रखा। गांव को सुख समृद्धि के लिए पुजारी के नेतृतव में गांव भ्रमण कर काली का झंडा फहराया गया। इसके बाद खौलते दूध के साथ भव्य पूजा की गई। सुजायतपुर में सामाजिक कार्यकर्ता सुमित सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण अनिल कुमार सिंह, शशि प्रकाश सिंह, गोल्डन सिंह, मनोज खरवार,शिवजी साह, छठु खरवार ,चुनमुन कुमार ,विनोद सिंह ,कृष्णा ठाकुर, सत्यम सिंह, शंकर दयाल साह के साथ मिलकर पूजा कर ने लोगो के बेहतर स्वास्थ्य की कामना किया। पूजा के दिन मां काली मंदिर परिसर में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक ग्रामीणों की भीड़ जमी रही।

### अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं महागठबंधन के नेता : भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह



**बक्सर।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री प्रतिभा सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर महगठबंधन के नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी का आरोप लगाई है। उन्होंने एनडीए सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने के लिए डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह को भी आड़े हाथों लिया है।अपने प्रेस बयान में भाजपा नेत्री ने कहा है कि केंद्र और राज्य दोनों जगह एनडीए की सरकार है। जो भी विकास की योजनाएं बनाई जाती है, वह संयुक्त रूप से दोनों ही सरकारों की सहमति से बनती है और उसका क्रियान्वयन भी किया जाता है। भाजपा नेत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को प्रस्तावित करने, उसका सर्वे करने से लेकर उसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने और फिर बजटीय स्वीकृति और अंततः कैबिनेट की स्वीकृति में समय लगता है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क योजना या नेशनल हाईवे की योजना या स्टेट हाईवे की योजना सभी राज्य सरकार और केंद्र सरकार के सम्मिलित प्रयासों से जमीन पर उतारा जाता है। इसके अलावा भी बक्सर जिले के लिए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मिथलेश तिवारी के प्रयासों से कई योजनाएं जमीन पर उतरी है या उनकी स्वीकृति मिली है। डुमरांव के लिए जो भी विकासात्मक कार्य हुए हैं वह एनडीए सरकार के विकास के प्रति समर्पण को दशार्ती हैं और यह कार्य अनवरत 2005 से चल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में अत्यंत ही हास्यास्पद और बचकाना बयान महागठबंधन के चुने हुए कुछ नेताओं के द्वारा दिया जा रहा है, जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विकास योजनाओं को अपना योगदान बताया जा रहा है। भाजपा नेत्री ने सवाल किया कि जो व्यक्ति अभी मात्र एक साल पहले चुनकर आए है उनके पत्र लिख देने मात्र से बक्सर में विकास योजनाओं की झड़ी लग गई।प्रतिभा सिंह ने कहा है कि महागठबंधन के नेताओं को अखबारों के माध्यम से या सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह के बयान देने में थोड़ी सी भी शर्म आनी चाहिए थी। वहीं, उन्होंने वर्तमान डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे शहर के सड़क की हालत नहीं सुधार पाए और पूरे विधानसभा के एनडीए सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करते चल रहे हैं और उद्घाटन करते चल रहे हैं। वर्तमान विधायक को जनता को यह बताना चाहिए कि उन्होंने अपने फंड से किन-किन योजनाओं को पूरा किया है तथा कितने लोगों को लाभ पहुंचाया है। विधायक को यह भी बताना चाहिए कि उन्होंने किन-किन विभागों की कमियों को उजागर किया है, उसके सुधार के लिए क्या किए। भाजपा नेत्री ने कहा कि इनसे जो हो सकता था वह तो साढ़े चार साल में हुआ नहीं और जो इन्होंने नहीं किया और दूसरों ने किया उसका श्रेय लेते चल रहे है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि हम लोग शीघ्र ही वर्तमान विधायक के निधि से खर्च की गई राशि का विवरण सूचना के अधिकार के तहत मांगने जा रहे हैं और तब यह उजागर होगा कि इन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए क्या किया है तथा में किन-किन लोगों को अनुग्रहित किया है। उनकी योजनाओं की जांच करवाएंगे और इनका पोल खोलेंगे। साथ ही विधायक एवं सांसद के द्वारा इस तरह से जनता को गुमराह करने की कृत्य से हम अपने प्रभारी मंत्री और पार्टी के पदाधिकारी को भी अवगत कराने का काम करेंगे।

## बक्सर में शराब के नशे में धुत मनरेगा का पीआरएस गिरफ्तार

**बक्सर।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी से शराब के नशे में धुत मनरेगा पीआरएस शिवजी यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीआरएस शिवजी यादव, राजपुर प्रखंड के नागपुर पंचायत में कार्यरत है। और अपने रसूख के चलते मुखिया प्रतिनिधि के तौर पर भी सक्रिय रहते हैं। गिरफ्तारी के वक्त उन्होंने नगर थाने के दारोगा को वर्दी उतरवाने की धमकी दी, लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए महज दो मिनट में उन्हें थाने ला दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवजी यादव सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई बड़े नेताओं के करीबी हैं। यही वजह है कि उनके कार्यक्षेत्र की कोई जांच नहीं होती। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही कई बड़े नेताओं की नींद उड़ गई। सूत्रों के अनुसार, पीआरएस को बचाने के लिए राजनीतिक दबाव बनाया गया, लेकिन नगर थाना पुलिस ने बिना झुके एफआईआर दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया। गिरफ्तार पीआरएस का चेहरा ढंकने की कोशिश, नीतीश कुमार से नजदीकी बताने जैसे कई नाटकीय प्रयास भी नाकाम रहे। एसपी ने स्पष्ट कहा कि पुलिस किसी के दबाव में नहीं आती। कानून सबके लिए समान है। सहायक थाना प्रभारी ने बताया कि एनलाइजर मशीन से शराब पीने की पुष्टि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बातया कि शिवजी यादव मनरेगा के पीआरएस हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने सत्ताधारी दल की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प के लिए स्वीकृत हुई है 17.1 करोड़ की राशि

# मंथर गति से चल रहा है डुमरांव स्टेशन पर अमृत भारत योजना का निर्माण कार्य

- अबतक शुरू भी नहीं हो पाया है एफओबी, प्लेटफॉर्म शेल्टर, लिफ्ट, वेटिंग हॉल सहित कई अन्य कार्य, 50 फीसदी भी नहीं पूरा हुआ है निर्माण कार्य
- फरवरी तक पूरा कर लेना था काम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव स्टेशन का चयन अमृत भारत योजना के तहत होने पर स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। उन्हें लगा था कि अब जल्दी ही उनके स्टेशन का कायाकल्प होने वाला है तथा उन्हें स्टेशन पर हर आधुनिक सुविधाएं मिलेगी। इसके लिए केन्द्र सरकार व रेलवे मंत्रालय द्वारा 17.1 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी तथा काम को फरवरी 2025 तक पूरा कर लेना था, लेकिन अबतक इस योजना के तहत डुमरांव स्टेशन के कायाकल्प का आधा काम भी पूरा नहीं हो पाया है। काम पूरा होना तो दूर इस योजना के तहत स्टेशन पर बनने वाले एफओबी, प्लेटफॉर्म शेल्टर, लिफ्ट, वेटिंग हॉल सहित कई अन्य कार्यों की शुरूआत भी नहीं हो पाई है, जबकि योजना पूर्ण होने की तिथि साढ़े तीन महीना पहले ही पूरी हो चुकी है। जिससे इसके मंथर गति का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्टेशन के जीर्णोद्धार में हो रही लेट लतीफी अब स्थानीय लोगों के आक्रोश का कारण बनती जा रही है। खासकर जीर्णोद्धार के दौरान पंच मंदिर से लेकर टिकट काउंटर के आखिरी छोर तक जगह-जगह खोदे गए गड्ढों से आवागमन में मुश्किलें बढ़ गई है, जबकि इसी मार्ग से लोग रेलवे स्टेशन पर आवाजाही करते है, इसके अलावे नया भोजपुर की तरफ से डुमरांव आने का भी यही एकमात्र रास्ता है।

अमृत भारत योजना की शुरूआत से स्टेशन का ढांचा अस्त व्यस्त हो चुका है, लेकिन कार्य कब तक पूरा होगा इसकी जानकारी किसी को भी नहीं है। प्रस्तावित कार्यों में कुछ कार्य अमृत भारत योजना के तय समय से काफी लंबित चल रहे हैं तो कुछ कार्यों को डीडीयू से पटना तक बिछाई जाने वाली तीसरी और चौथी रेल लाइन एलाइनमेंट के फाइनल होने तक रोक लिया गया है। ऐसे में 17.1 करोड़ की लागत से होने वाले स्टेशन के जीर्णोद्धार की धीमी गति अब यात्रियों के आक्रोश का शिकार होने लगी है।

**अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर होने वाले है कई निर्माण कार्य :** इस जीर्णोद्धार योजना के तहत जिन कार्यों को मूर्त रूप दिया जाना हैं उनमें पहला कार्य 30.12 स्क्वायर सेंटीमीटर की नई बिल्डिंग का निर्माण है, जिसका निर्माण कार्य शुरू होना अभी बाकी है। 19213.9 स्क्वायर सेंटीमीटर के सकुर्लेटिंग एरिया का निर्माण कार्य प्रोसेस में हैं। छह मीटर के फूट ओवर ब्रिज को सामान्य प्रशासन विभाग से स्वीकृति तो मिल गई है, लेकिन इसका निर्माण कब शुरू होगा इसकी जानकारी नहीं है। फेज दो में प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण अभी बाकी है, 500 मीटर के प्लेटफॉर्म सर्फेसिंग का कार्य भी किया जाना है जो अबतक शुरू नहीं हुआ है। स्टेशन पर 2 लिफ्ट लगाए जाने हैं जिसका भी अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। लगभग एक वर्ष पहले शुरू हुए कार्य में इक्के दुक्के कार्यों को छोड़कर अभी सारे कार्य लंबित हैं।

इसके अलावे अमृत भारत योजना के तहत इस स्टेशन पर यात्री सुविधा के तहत टेबल, कुर्सी, सोफा, अलमीरा और बेंच का कार्य के अलावे पेंटिंग भी प्रस्तावित है। 103.708 स्क्वायर सेंटीमीटर का नया वेटिंग हॉल बनाया जाना है जिसका कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है, वहीं 105.52 स्क्वायर सेंटीमीटर के टॉयलेट का निर्माण कार्य भी अबतक शुरू नहीं हो सका है। हालांकि इन दोनों योजनाओं के अबतक शुरू न होने का कारण डीडीयू से पटना तक बिछाई जाने वाली तीसरी और चौथी रेल लाइन के एलाइनमेंट का फाइनल न होना बताया गया है। अंतिम कार्य दूसरे प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार होना है जिसे 150 स्क्वायर सेंटीमीटर के दायरे में बनाया जाना है। इसका निर्माण कार्य शुरू कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों में इस बात का आक्रोश है कि निर्माण कार्य के लिए जगह-जगह गिट्टी बालू गिराया गया है। सड़क की खोदाई कर दी गई है। परंतु निर्माण कार्य में तेजी नहीं आ रही है।

हालांकि, इस संबंध में रेलवे के अधिकारी कुछ बोलने से परहेज कर रहे है। अधिकारी यह भी नहीं बता रहे है कि किस कारण से काम का रफ्तार धीमे है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है।

## नावानगर के पूर्व थानाध्यक्ष नंदू को दी गई विदाई, नए ने किया योगदान

**केटी न्यूज/केसठ**

नावानगर थाना में बुधवार को फेयरवेल आयोजित कर पूर्व थानाध्यक्ष नंदू कुमार को भावभीनी विदाई दी गई, वहीं नये थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को स्वागत किया गया। यह विदाई समारोह किसी उत्सव से कम नहीं था, ढोल-नगाड़ों की गूंज, सजे हुए रथ और घोड़े के साथ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों व पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पूर्व थानाध्यक्ष को विदाई दी गई। वक्ताओं ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ और पब्लिक फ्रैंडली थानाध्यक्ष बताया। लोगों ने कहा कि पूर्व थानाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के साथ-साथ आमजन के साथ मानवीय व्यवहार कर जनता के दिलों में विशेष स्थान बना लिए थे। उनकी कार्यशैली से सभी वर्गों में संतोष था। उन्होंने न केवल अपराध नियंत्रण में सख्ती दिखाई, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता में भी हमेशा आगे रहे। विदाई समारोह के दौरान कई लोग भावुक हो उठे। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें माला पहनाकर, अंगवस्त्र देकर और पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि नंदू कुमार जैसे अधिकारी की कमी हमेशा खलेगी। वे केवल एक पुलिस पदाधिकारी नहीं, बल्कि समाज के सच्चे प्रहरी थे। उनकी सेवा को हम कभी नहीं भूल सकते।

## राजवाहों में नहीं आया पानी, किसान चिंता में डूबे

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बारिश नहीं होने से धीरे-धीरे किसानों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। बिचड़ा रोपने और रोपे गए को बचाने के लिये रोहणी नक्षत्र में बारिश का होना जरूरी माना जाता है। किसान डाले गए बिचड़े को बचाने और डालने के लिये नहरों और आसमान की तरफ टकटकी लगाए बैठे हैं। सूखी नहरें और खुला आसमान को देख जिले के किसान चिंता में डूब गए हैं। मालूम हो कि बक्सर जिला किसी प्रधान माना जाता है। अधिकांश किसानों और मजदूरों की जीवन खेती पर ही निभर है, ऐसे में नहरों में पानी नहीं आने से उनकी मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इधर पूरा जिला के हीटवेव के चपेट में आने से किसानों की चिंता दोगुनी हो गई है। सुबह-शाम खेतों में जाकर बिचड़े को निहारते रहते हैं और भगवान से प्रार्थना करते हैं कि इस संकट से उबारे।

मालूम हो कि जिले के अधिकांश सरकारी बोरिंग नाकाम हो गए हैं। जो कुछ बचे हुए थे, पानी का लेयर नीचे चले जाने के कारण वो भी जवाब दे दिये हैं। ऐसे में किसानों को बारिश और नहरों के पानी पर निर्भर रहना पड़ाता है। अब जब नहरों में पानी नहीं आने और बारिश नहीं होने की स्थिति में रोजी-रोटी की समस्या आ गई है। विदित हो कि जिले में दो तरह से नहरों में पानी आता है। सिकरौल लख से निकल जिले के नहरों में पानी पहुंचता है। दूसरा सोन नदी से जुड़े राजवाहों में पानी आता है। वर्तमान समय में स्थिति यह है कि सभी राजवाहे सूखे पड़े हुए हैं, किसान करें तो क्या करें। किसान रामदयाल पाल, सुरेन्द्र पाल, जवाहर यादव, रामनाथ सिंह, संजय सिंह, बिशोका चंद्र आदि का कहना है कि किसी तरह से हमलोगों ने जुगाड़ कर बिचड़ा को डाला था, अब वह भी सूखने लगे हैं। बहुत से ऐसे किसान हैं, जो रोहणी नक्षत्र में बारिश होने का इंतजार कर रहे थे बिचड़ा डालने के लिये। इनका कहना हे कि जो बिचड़ा डाल दिये हैं वो भी चिंता में पड़े हुए हैं और जो नहीं डाले हैं वे भी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शासन काल में भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है

# विकसित भारत का अमृत काल है मोदी सरकार के बेमिशाल 11 साल : मनोज

- केन्द्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा ने आयोजित किया प्रेस वार्ता



**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता पार्टी मोदी के 11 साल के कार्यकाल को स्वर्णिम कार्यकाल के रूप में देख रही है। इसी कार्यक्रम के आलोक में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज मिश्र ने बक्सर अतिथि गृह में एक प्रेस वार्ता आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन तथा संचालन उमाशंकर राय जिला मीडिया प्रभारी ने किया।

उक्त प्रेसवार्ता में डॉ मनोज मिश्र ने मोदी के कार्यकाल के उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। उन्होंने कहा कि मोदी शासन काल में भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। मोदी शासन के 11 साल हमारे महान संस्कृति के पुनरुद्धार और धार्मिक जागरण के रहे हैं। इस 11 में साल में अपनी विरासत की पुरानी गरिमा वापस दिलाने का भगीरथ प्रयास हुआ है। इन 11 सालों में जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक खत्म कर देना, जीएसटी लागू करना, वक्फ बिल जैसे सख्त निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि हमारी विदेश नीति में आज देश के सांस्कृतिक महत्व की झलक दिखलाई पड़ती है। मोदी सरकार देश की राजनीति में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस लेकर आई है। मोदी के नेतृत्व में अब सरकार का मतलब रेस्पॉन्सिव गवर्नमेंट, रिस्पांसिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट, रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म गवर्नमेंट है। मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आमजन के हित के लिए छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई। पहले व्यक्ति के इलाज के लिए सोचना पड़ता था, आज आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। पहले हमें आयात पर निर्भर रहना पड़ता था ,आज मेक इन इंडिया की ताकत से निर्यात में लीड कर रहे हैं। पहले हम दुनिया के अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।


CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON

Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723, SCHOOL No. 65720

Harnahi Road, Dumraon, Buxar - 802119

8210918840, 7319972175, 6393686958 www.cambridgeschooldumraon.com facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON

A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII

ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)

OUTSTANDING PERFORMANCE OF OUR STUDENTS IN AISSE (Std. X) & AISSCE (Std. XII) CBSE BOARD EXAMS 2025

SCHOOL TOPPER- STD. XII

SARTHAK RAJ MISHRA 92%

SUBJECT WISE HIGHEST MARKS IN STD. XII

| | | | |
|---|---|---|---|
| Chemistry | : 98 | Biology | : 91 |
| English Core | : 97 | Physics | : 91 |
| Physical Education | : 96 | Business Studies | : 86 |
| Mathematics | : 92 | Economics | : 83 |

TOPPERS- STD. X

1st KHUSHI KUMARI 95.2%
2nd ANSH RAJ SINGH 94.8%
2nd PRAGATI KUMARI 94.8%
2nd SHREYA RAJ 94.8%
3rd ANMOL RAJ VATS 94%
3rd MOHIT KUMAR SINGH 94%

SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Mathematics | : 100 | Sanskrit | : 100 | Social Science | : 97 |
| Science | : 100 | English | : 95 | Hindi | : 94 |

INFORMATION

The Information & Admission Cell at the JUNIOR WING,Dr. Jagnarayan Singh Hospital Campus, will remain open on all working days (Mon. - Sat.) from 9:00 am - 01:00 pm also during Summer Vacation.

LIMITED SEATS. HURRY UP!!!

REGISTRATION IS GOING ON FOR ADMISSION TO CLASS XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS) FOR THE ACADEMIC SESSION 2025-26. CLASSES WILL START FROM 23 JUNE, 2025.

SCHOLARSHIP SCHEME

- CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII. OTHER CHARGES ARE PAYABLE FOR BOTH CLASSES.
- INTEGRTION OF FOUNDATION CLASSES FOR NEET AND JEE MAINS IN CURRICULUM.

CHAIRMAN- MR. T.N. CHOUBEY

# पूर्व जिप अध्यक्ष अक्षयवर समेत 14 पर नामजद एफआईआर

- फर्जी तरीके से जमीन बेचने के आरोप में दर्ज हुआ एफआईआर
- तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर निवासी सत्यानंद मिश्र ने नगर थाने में दर्ज कराया है एफआईआर
- एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर**

पुलिस प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद जिले में जमीन विवाद व जमीन की बिक्री में फजीर्वाड़े के मामले कम होने के नाम नहीं ले रहे है। इसी तरह के आरोप में फर्जी तरीके से जमीन बेचने के आरोप में जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष अक्षयबर यादव समेत 14 लोगों पर बक्सर नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

एफआईआर तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव निवासी सत्यानंद मिश्र ने दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने जिक्र किया है कि जिस जमीन को गलत तरीके से बेचा गया है वह उनकी पुस्तैनी जमीन थी तथा इस पर खेतीबाड़ी कर अपनी आजीविका चलाते थे। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि उनके चचेरे दादा स्व. रामजी मिश्र की इकलौती बेटी शकुंतला देवी की शादी बहुत पहले हो गई थी तथा पैतृक संपति में अपने हिस्से की भूमि के लिए वर्ष 2006 में उसने 12 लाख रुपए भी ली थी, लेकिन वर्ष 2024 में धोखाधड़ी कर पैतृक संपति की करीब 12 बीघा भू-खंड को उसने कुछ लोगों के साथ मिल साजिश के तहत बेच दिया है।



सत्यानंद ने इस बिक्री को गलत ठहराते हुए शकुंतला के साथ ही पूर्व जिप अध्यक्ष व अक्षयबर यादव, मृत्युंजय मिश्रा ग्राम धनंजयपुर, अमित कुमार सिंह छोटका राजपुर, सत्येंद्र दुबे खंधरा पांडेयपुर, जितेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, रामजी मिश्र ग्राम दादा बाबा के डेरा सहित अन्य नामजद शामिल हुए है।

बता दें कि इसके पहले भी पूर्व जिप अध्यक्ष पर कई संगीन मामले दर्ज है। वहीं, अब जमीन की बिक्री में फजीर्वाड़ा करने का आरोप भी लगा है।

इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि जमीनी विवाद के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसमें बड़े सफोदपोश भी शामिल हो रहे है। यहां तक हत्याएं भी होने लगी है। इसे लेकर रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारों का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर रजिस्टार कार्यालय में तरह-तरह के ऐप लाए जा रहा है। ताकि इस तरह के फर्जीवाड़ा पर रोक लगे। परंतु सरकार का हर उपाय फेल नजर आ रहा है। हर दिन कोई न कोई तीकड़म लगाकर फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री हो रही है।

# चौसा के तीन प्रमुख घाटों का जल्द होगा सौंदर्यीकरण

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा नगर पंचायत क्षेत्र के मशहूर रानी घाट, बाजार घाट और मल्लाह टोली घाट के सौंदर्यीकरण व समग्र विकास की दिशा में अब ठोस पहल शुरू हो गई है। बुडको की टीम द्वारा डीपीआर बनाने हेतु घाटों का निरीक्षण कर मापी कार्य शुरू किया गया बता दें कि वर्षों से लंबित इस कार्य को गति देने हेतु मुख्य पार्षद किरण देवी की भूमिका अहम रही। मुख्य पार्षद ने सांसद, बीस सूत्री प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तक कई बार अनुरोध पत्र भेजे गए। जिसके फलस्वरूप जिला पदाधिकारी ने विगत 26 अक्टूबर को ही डीपीआर निर्माण हेतु कंसलटेंट की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन, अपेक्षित कार्रवाई में देरी होती रही। अंततः उनके अथक प्रयास रंग लाए और घाटों के विकास की दिशा में ठोस कदम उठाया गया। डीपीआर प्रोजेक्ट टीम परियोजना निदेशक कामेश्वर प्रसाद, ऋतुराज कुमार, पवन कुमार, अभिषेक कुमार, अंबुज सेठ व शक्ति शुक्ला, डा. मनोज कुमार यादव के साथ तीनों घाटों का निरीक्षण कर मापी कार्य शुरू किया।

## डुमरांव महाराजा के भोजपुर कोठी पर आयोजित हुई प्रेस वार्ता

# आगामी विस चुनाव में एनडीए से होगा सीधे मुकाबला : पीके

- डुमरांव पहुंचे जनसुराज के संस्थापक व बिहार की राजनीति के कौटिल्य प्रशांत किशोर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आगामी विधानसभा चुनाव में जनसुराज काफी मजबूती से उभरेगी तथा बिहार में इसका सीधा मुकाबला एनडीए से होगा, जबकि राजद की नेतृत्ववाली महागठबंधन तीसरे स्थान पर खिसक जाएगी। उक्त बातें बुधवार को भोजपुर कोठी पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बिहार की राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले व जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर उर्फ पीके ने कही।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब मुद्दो की राजनीति कर रही है। यहां की जनता जाति-पाति व अगड़ा-पिछड़ा की भावना से निकल विकास के मुद्दे पर बात कर रही है। यही कारण है कि इस बार राजद को बड़ा नुकसान होने जा रहा है। पीके ने कहा कि अब बिहार में जाति-पाति व अगड़ा-पिछड़ा की राजनीति करने वालों को जनता सबक सिखाएगी।



पीके ने बेरोजगारी और पलायन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बिहार की वर्तमान सरकार को फेल बताया और कहा कि बिहार की जनता ने लंबे समय तक राजद व एनडीए को मौका दिया है। करीब चार दशक तक बिहार की सत्ता में रहने के बावजूद दोनों में से किसी ने न तो यहां के युवाओं को नौकरी दी और न ही रोजगार के वैकल्पिक साधन मुहैया कराए, जिस कारण बिहार के युवाओं का तेजी से पलायन हुआ। पीके ने कहा कि आज भी पलायन जारी है। जिससे साफ होता है कि वर्तमान सरकार भी इस मुद्दे पर फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि बिहार से पलायन रुके और युवाओं को उनके गांव में ही रोजगार मिले, लेकिन जब तक गांव और कस्बों में शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग नहीं आएंगे, पलायन रुकेगा नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं का पलायन रोकने के लिए जनसुराज ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि जनसुराज की स्थापना भी इसी सोंच के साथ की गई थी कि बिहार के ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष किया जाए तथा इसका समाधान किया जाए।

**राज परिवार के नेतृत्व में किया गया पीके का जोरदार स्वागतः** इसके पूर्व भोजपुर कोठी में राज परिवार के चंद्रविजय सिंह व शिवांग विजय सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। उन्हें फूल माला से लाद दिया गया तथा अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। उन्हें देखने के लिए भोजपुर कोठी पर हजारों की संख्या में लोग आए थे। भारी भीड़ को देखकर प्रशांत किशोर भावुक हो गए और कहा कि यह भीड़ बिहार में परिवर्तन की लहर का संकेत है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोगों का यहां आना इस बात का प्रमाण है कि बिहार की जनता अब बदलाव के मूड में है। उन्होंने कहा कि उनके प्रति जनता का प्रेम बिहार में सियासी बदलाव की बयार है।

**डुमरांव ने हमेशा परिवर्तन का नेतृत्व किया है : शिवांग विजय**

राज परिवार के शिवांग विजय सिंह ने कहा कि देश और राज्य में जब भी किसी बड़े मुद्दे पर सत्ता परिवर्तन की जरूरत पड़ी है, डुमरांव की जनता ने उसका नेतृत्व किया है। इस बार भी डुमरांव की जनता ने अबतक बिहार की सत्ता संभालने वालों के खिलाफ बदलाव के संकेत दे दिए है। आगामी विस चुनाव में डुमरांव विस से भी जनसुराज का झंडा लहराएगा। उन्होंने कहा कि यहां जो भारी भीड़ जुटी है वह इस बात की संकेत कर रही है कि अब जनता एनडीए व महागठबंधन दोनों से मोहभंग हो गया है। जनता अब ठान चुकी है कि बिहार को नई दिशा देनी है। आगामी चुनावी समीकरणों को नया मोड़ देने का संकेत दिया है।

## चार दिनों से शहर की नहीं हो रही सफाई, कूड़े का लगा अंबार

**डुमरांव।** न ही कोई हड़ताल और न ही कोई सूचना फिर भी नगर के हर चौक-चौराहों पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। वही कूड़ा धीरे-धीरे रोड पर फैलता जा रहा है। इतना ही नहीं गली और मुहल्लों की स्थिति और खराब है। जमा कूड़ा तेज हवा के झोके से उड़ फिर घरों में चले जा रहे हैं। इधर नप के सफाई मजदूर भी उनका इंतजार करते रह जाते हैं, लेकिन कोई नहीं पहुंच पाता है। नगर स्टेशन रोड के नयाथाना के पास कूड़े का अंबार लगा हुआ है, उसी तरह से सफाखाना रोड मोड़ के अलावे कॉलोनी में भी कूड़े का अंबार लगा हुआ है। शीला सिनेमा, भगवती मंदिर मोड़, शहीद गेट, चूड़ी बाजार, चौक रोड, राजगढ़ चौक, जंगलबाजार मोड़, शक्तिद्वार के पास स्थिति काफी खराब है। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि कूड़े के उठाव नहीं होने से नगरवासी कितनी परेशानियों को झेलने पर मजबूर हैं। नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा कर रह गई है। ऐसी समस्या क्यों आयी है, इसका सही जवाब नहीं अधिकारी दे रहे हैं और नहीं कोई कर्मी ही। सफाई जमादारों से बात करने पर उन्होंने बताया की हमलोग सुबह-शाम सफाई कराने के लिये मजदूरों का इंतजार करते रह जाते हैं, लेकिन कोई आता ही नहीं है। सफाई मजदूरों से बात करने पर वो भी कुछ भी बताने से कतराते हैं। कूड़े का उठाव नहीं होने के कारण शहर की नालियां भी जाम होने लगी है।

# आगामी विधानसभा चुनाव बिहार की अस्मिता का चुनाव है : जिलाध्यक्ष भुवन

- भाजपा बक्सर पूर्वी मंडल की कार्यसमिति संपन्न
- कार्यकताओं ने हर बूथ जीतने का किया वादा

**केटी न्यूज/बक्सर**



भाजपा बक्सर नगर पूर्वी मंडल की नगर कार्य समिति की बैठक बुधवार को स्थानीय एक निजी मैरेज हॉल में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल के नगर अध्यक्ष ज्वाला सैनी ने व संचालन नगर महामंत्री रोहित मिश्र ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष ओझा, शिशिर चौबे, सतीश त्रिपाठी, शिवजी खेमका, मदन दुबे, राजेश सिन्हा, रानी चौबे, अमित पाण्डेय, वर्षा पांडेय, पुनीत सिंह, धनंजय राय, भरत प्रधान, रमेश गुप्ता, डॉ. प्रो. प्रियरंजन चौबे आदि थे। सभी अतिथियों को सिंदूर का पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यसमिति को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और अनुशासित संगठन है। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव बिहार के अस्मिता का चुनाव है, जंगल राज और मंगल राज के बीच का चुनाव है। आने वाला चुनाव बक्सर विधानसभा के कार्यकताओं के मान सम्मान की लड़ाई रहेगी और इसमें बक्सर विधानसभा के कार्यकर्ता पूरी तरह से सफल होंगे। जिला महामंत्री लक्ष्मण शर्मा ने कार्यक्रम का वृत लेते हुए कार्यकताओं का हौसला अफजाई किया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र और समाज के नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित है सरकार और जनता के बीच एक सीढ़ी का काम करने की आवश्यकता है। जिसे जन-जन तक सरकार की उपलब्धियां आसानी से पहुंच सके। अध्यक्ष ज्वाला सैनी ने बताया कि बक्सर नगर पूर्वी मंडल अपने हर बूथ पर कार्यकताओं की फौज तैयार कर रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में हर बूथ को जीतने का लक्ष्य तय किया गया है। धन्यवाद ज्ञापन नगर महामंत्री राजीव वर्मा ने किया। कार्यसमिति में सौरभ तिवारी, जयप्रकाश राय, रमेश वर्मा, किरण देवी, बबिता तिवारी, तारा मुनी देवी, कंचन जायसवाल, निकु तिवारी, अक्षय ओझा, विनय उपाध्याय, सुमित उपाध्यय, रामजी साह, मुन्ना शर्मा, बलिराम केशरी, मयंक राज, चन्दन पाठक, मिथुन सिंदे, बरमेश्वर चौधरी, सत्यम श्रीवास्तव, विनय वर्मा, आयुष वर्मा, तेज प्रताप सहित अन्य मौजूद थे।






# ईश्वर ने सभी को एक समान बनाया फिर भेदभाव क्यों : प्रज्ञा पांडेय

- प्रखंड के गिरधर बरांव पंचायत के बड़की भरौली गांव में चल रहा है पंचदिवसीय महायज्ञ

**केटी न्यूज/नावानगर**

प्रखंड के गिरधर बरांव पंचायत के बड़की भरौली गांव में पंचदिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन सोमवार से ही किया गया है। जिसमें प्रतिदिन कई धार्मिक अनुष्ठान, वैदिक मंत्रोच्चार व आहूतियां दी दी जा रही है। वहीं, शाम छह बजे से 10 बजे रात्रि तक प्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री किशोरी प्रज्ञा पांडेय अयोध्या धाम द्वारा श्रद्धालु श्रोताओं को कथामृत का रसपान कराया जा रहा है। जबकि रात 10 बजे से वृंदावन से आए रासलीला मंडली के द्वारा श्रद्धालु श्रोताओं के बीच रासलीला का मंचन किया जा रहा है। कथा के दौरान किशोरी प्रज्ञा पांडेय ने कहा कि श्रेष्ठ और ज्ञानी व्यक्ति वही है जो हर समय हर अवस्था में विनम्र रहे और सब कुछ जानते हुए भी अपने आप को छोटा समझे। हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कथा में कहा कि हनुमान जी राम के कार्य में कभी भी विश्राम नहीं करते थे। उन्होंने कहा कि राम भगवान थे फिर भी वो कहते हैं कि मैं रावण का वध किया, सुग्रीव से मित्रता भी हुई और इतने भालू बंदरों की सेना से मुझे भेंट हुआ। केवल मेरे परम भक्त हनुमान के कारण। भगवान अगर जाति धर्म देखते और भेदभाव करते तो आज बंदरों और भालुओं से प्रेम नहीं करते, उन्हें अपना नहीं बनाते। भगवान कभी भी जात-पात, धर्म, अमीरी गरीबी नहीं देखते हैं। वह केवल मन को निर्मल होना उसमें अपने प्रति भक्ति और प्रेम होना देखते है, लेकिन हम इंसान ही भेदभाव करते हैं। भगवान के नजर में सब एक समान है। इस तरह कथा के दौरान कथा वाचिका ने कई मार्मिक बातें कहीं।





कथा सुनने तथा मंडप परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालु श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है। आचार्य पंडितों के द्वारा समय-समय पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजनोत्सव कार्यक्रम किया जा रहा है। मनोरंजन के लिए चरखी झूले का प्रबंध है। यज्ञ स्थल मेल का नजारा बना है जहां दुकानदारों द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाई गई है। महायज्ञ तांत्रिक विजय कुमार मिश्र के सानिध्य में चल रहा है। जिसमें समस्त ग्रामीणों एवं क्षेत्र वासियों का सहयोग बढ़ चढ़कर है। यज्ञ का समापन 13 जून शुक्रवार को पूणार्हुति एवं भंडारे के साथ होगा।

## लालू यादव सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक विचारधारा है : पप्पू यादव

# केसठ नया बाजार में राजद कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया लालू यादव का जन्मदिन

**केटी न्यूज/केसठ**

बुधवार को केसठ स्थित नया बाजार में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और सामाजिक न्याय के पुरोधा लालू प्रसाद यादव का 78वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गुड्डु यादव ने व संचालन कलामुदीन ने किया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने केक काटा, लोगों के बीच मिठाइयां वितरित कीं और लालू यादव जिंदाबाद के नारों से गांव को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के वरिष्ठ नेता सह डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव मौजूद थे। उन्होंने कहा कि लालू यादव का संघर्ष हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। लालू यादव सिर्फ एक नाम नहीं, एक विचारधारा हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद नेता पप्पू यादव ने एनडीए सरकार पर जमकर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि आज जो लोग सत्ता में हैं, वे केवल विज्ञापन और जुमलेबाजी के सहारे देश और राज्य चला रहे हैं। गरीबों की थाली से खाना छीना जा रहा है, बेरोजगारी चरम पर है, और आरक्षण पर लगातार हमले हो रहे हैं।साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीए की शासन में गरीब और पिछड़ा फिर से डर और अन्याय की स्थिति में आ गया है। लालू जी अगर आज सत्ता में होते, तो अडानी-अंबानी की नहीं, गांव के किसान की बात होती, नौजवान को नौकरी मिलती। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए तथा लालू यादव के दीघार्यू व स्वस्थ्य होने की कामना की। साथ ही, एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया जिसमें लालू प्रसाद यादव के राजनीतिक योगदान, गरीबों के हित में किए गए कार्यों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वे सामाजिक न्याय के पक्षधर व गरीब-गुरूबों के लिए आजीवन संघर्ष किए है।






## तिलौथू : उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुनः नामांकन में छात्रों से अवैध वसूली जारी

- आक्रोशित लोगों ने प्राचार्य के खिलाफ डीएम और डीडीसी को सौंपा आवेदन
- छात्रों से लगभग 1000 रु की हो रही अवैध वसूली




**केटी न्यूज/तिलौथू**

जिला मुख्यालय क्षेत्र के तिलौथू प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुनः नामांकन के नाम पर अवैध रूप से 11वीं क्लास के बच्चों से सरकार द्वार जारी निर्धारित राशि से अधिक रुपए लेने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोचनीय बात है कि जिला मुख्यालय से सटे तिलौथू प्रखंड के सरकारी विद्यालय में इस तरह के भ्रष्टाचार का खेल आखिर किसके निर्देश पर चल रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम ने तो विद्यालय को अपना अवैध पैसे कमाने का एक महत्वपूर्व जरिया बना लिया है। जिसमें विद्यालय के शिक्षक कर्मी भी सुर में ताल मिलाकर शामिल है। देखा जाए तो प्रत्येक छात्रों से निर्धारित सरकारी नमांकन राशि से लगभग एक हजार रुपए तक की अवैध वसूली करने से बाज नहीं आ रहे है। जिस भ्रष्टाचार में संलिप्त रसीद काटने वाले शिक्षक रंजन कुमार और पूजा कुमारी से जवाब पूछने पर वह प्रधानाध्यापक मैकू राम से बात करने का हलवा देते हुए छात्रों को डरा खुलेआम शोषण कर नमांकन रसीद काटने से बाज नहीं आ रहें है। जिनको तनिक भी जिला पदाधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई की डर तक नहीं है। दूसरी तरफ यह सोचनीय बात हैं कि विद्यालय में करीब हजारों बच्चों के हो रहे नमांकन के साथ यह भ्रष्टाचार का खेल जारी है। जो भारी मात्रा में छात्रों से अवैध वसूली की रुपए में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम की रोहतास जिला के शिक्षा विभाग के अधिकारी के साथसाहब कुछ आप लो और कुछ हमें भी लूटने दो की बातों के तरफ इशारा करता हैं। जिसकी चर्चा अब लोगों की जुंबा पर भी हो रही है। जिसका मुख्य कारण है शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाला इस विद्यालय में हो रही छात्रों से जबरन नमांकन फीस वसूली पर अबतक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई का न होना ही इस बात को उजागर करता नजर आ रहा है।

**क्या कहते हैं अभिभावक :** विद्यालय में नामांकन कराने वाले बच्चों के माता-पिता ने बताया कि शुल्क के नाम पर अधिक अवैध पैसे की वसूली से हम सभी गरीब व कमजोर वर्ग के अभिभावक इस विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से त्रस्त हैं। जिनके निर्देश पर विद्यालय कर्मी द्वारा अवैध तरीके से 11 और 12वीं वर्ग के बच्चों का रशीद काटा जा रहा हैं। जिस विद्यालय के खिलाफ कभी भी प्रखंड की ग्रामीण जनता और स्टूडेंट व्याप्त तौर पर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

**क्या कहते हैं रोहतास डीएम :** इस संदर्भ में रोहतास डीएम उदिता सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी उनके संज्ञान में नहीं थी। हालांकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू में छात्रों के नामांकन के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला लोगों द्वारा शिकायत करने के बाद संज्ञान में आया है। जिसकी जांच करा प्रधानाध्यापक सहित इसमें संलिप्त अन्य विद्यालय कर्मियों पर भी त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## कार्यकर्ताओं ने राजद प्रमुख लालू यादव का मनाया 78वां जन्मदिन

**केटी न्यूज/तिलौथू**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के 78 वां जन्मदिवस के अवसर पर तिलौथू में राजद कार्यकताओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ उनका जन्मदिन मनाया। अवसर पर कांग्रेस भवन में राजद प्रखंड अध्यक्ष राकेश यादव एवं किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में केक काटा गया और हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दलित एवं महादलित परिवारों के बीच मिठाइयों का वितरण भी किया गया और लालू प्रसाद यादव के दीघार्यु होने की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता सीताराम यादव ने कहा, लालू यादव ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत से ही पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। आज राजद जिस मजबूती से खड़ी है, उसका श्रेय उनके संघर्ष और विचारधारा को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि लालू जी दीघार्यु हों और हम सभी को उनके नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हो।

### मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चितकुंडी बारा गांव में बुधवार की सुबह घटी घटना

## आरा में पीट-पीटकर विवाहिता की हत्या

- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चितकुंडी बारा गांव में बुधवार की सुबह पीट-पीटकर एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। मृतका के शरीर पर दाहिने हाथ के केहुनी के नीचे हल्का काले रंग का निशान पाया गया है।जिसके कारण परिजनों द्वारा उसके ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चितकुंडी बारा गांव निवासी भोला पासवान उर्फ अवकाश पासवान की 18 वषीर्या पत्नी अंजली कुमारी है। इधर मृतका के फुफेरे भाई सोनू कुमार पासवान ने बताया कि कारनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी उसके फूफा स्व.उमेश पासवान द्वारा दो वर्ष पूर्व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चितकुंडी बारा गांव निवासी गणेश पासवान के पुत्र भोला पासवान उर्फ अवकाश पासवान से लेनदेन एवं पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी की एक साल बीत जाने के बाद उसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा सोने के चैन की मांग की जाने लगी।

जिसको लेकर उसे बराबर प्रताड़ित किया जाता था एवं उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। मंगलवार की शाम अंतिम बार उसने अपनी फुफेरी बहन अंजली कुमारी से फोन पर बातचीत की थी। इसी बीच बुधवार की सुबह उसके ससुराल के पड़ोसी द्वारा फोन कर उन्हें सूचना दी गई की आपकी बहन की हालत काफी सीरियस से आप लोग आ जाइए। सूचना पाकर जब परिजन उसके ससुराल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में आंगन में पड़ी है। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

वहीं दूसरी तरफ मृतका के फुफेरे भाई सोनू कुमार पासवान ने दहेज में सोने की चेन की मांग को लेकर अंजली कुमारी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतक का अपने चार बहन व दो भाई ने बड़ी थी। उसके परिवार में मां तेतरी कुंअर, तीन बहन छोटी,नेहा, प्रिया व दो भाई प्रिंस एवं हरी ओम है। घटना के बाद मृतका के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतका की मां तेतरी कुंअर एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आरा में पंखे से लटका छात्र का शव बरामद

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ले में मंगलवार की शाम पंखे से लटका एक छात्रा का शव बरामद हुआ है। मृतक के गले पर रगड़ाया जैसा निशान पाया गया है। जिसके कारण परिजन द्वारा आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। शव के मिलने से आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है।जानकारी के अनुसार मृत छात्र टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला वार्ड नंबर 2 निवासी मनोज कुमार का 19 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार है एवं इंटर का छात्र था। इधर मृतक के चाचा राजेश सिंह ने बताया कि उसकी तबीयत खराब थी और उसे चक्कर आ गया था। उसकी मानसिक स्थिति भी कुछ खराब हो गई थी। पहले भी उसकी तबीयत खराब हो जाती थी। आज भी इसकी तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद परिजन द्वारा मेडिकल स्टोर से दवा लाकर भी उसे दिया गया था। लेकिन पुलिस संदेह हुआ कि उसने सुसाइड किया है। जिसे लेकर इसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृत छात्र की दिमागी स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण अकेला पाकर आत्महत्या करने से मृत्यु होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाई व दो बहन में चौथे स्थान पर था। मृत छात्र के परिवार में मां राधिका देवी , दो बहन सोनी,अंजली व दो भाई रुद्र प्रताप एवं रोहित है। घटना के बाद मेरी छात्र के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के मृत छात्र की मां राधिका देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 2.50 लाख की फर्जी दुल्हन शादी के बाद दूल्हे को छोड़ हुई फरार, फर्जी चाची गिरफ्तार

- दलाल के झांसे में आकर मध्य प्रदेश का दूल्हा शादी के लिए आया था रोहतास
- शादी के रसम बाद दुल्हन शौच के बहाने फर्जी रिश्तेदार के साथ हुई फरार



**केटी न्यूज/सासाराम**

सासाराम में शादी के बाद एक दुल्हन शौच का बहाना बनाकर भाग गई। बताया जाता हैं कि मध्य प्रदेश का एक युवक दलाल के जरिए 2.50 लाख रुपए देकर रोहतास के तिलौथू की 28 वर्षीय काजल कुमारी से शादी रचाने पहुंचा था। जिस शादी का रसम शहर के धर्मशाला में एक कमरे में फर्जी पंडित ने शादी करवाया। लेकिन शादी के बाद दुल्हन शौच जाने के बहाने फरार हो गई। इसमें में संलिप्त साथ आए फर्जी चाचा, बहन और मामा भी 2.50 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। घटना के बाद मध्य प्रदेश का रोते हुए दूल्हा सासाराम नगर थाने में शिकायत करने पहुंचा। जो पीड़ित युवक की पहचान मुरैना जिले के कैलासर निवासी 40 वर्षीय संजय शिवहरे के रूप में हुई है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने एक फर्जी चाची को हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में गिरफ्तार करगहर निवासी राजो देवी ने बताया कि पिंकी देवी से बाजार में खरीदारी के दौरान दोस्ती हुई थी।

उसके बोलने पर वो शादी में शामिल होने आई थी। उन्हें भगोड़ी दुल्हन और फर्जी शादी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। हालांकि पीड़ित युवक का कहना है कि ये दुल्हन की चाची बनकर मुझसे मिली थी। शादी होने के बाद मुझे पकड़कर फूट-फूटकर रो रही थी। दूसरी तरफ सासाराम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि लाखों रुपए लेकर दुल्हन के भागने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित के व्यक्ति के आवेदन पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जबकि पीड़ित दूल्हा ने बताया कि वह अपनी बहन के मना करने के बाद भी शादी करने जबरन पहुंचा था। दूल्हे के बड़े भाई मोनू राज शिवहरे ने बताया कि छोटे भाई की शादी करने एमपी से सासाराम आए थे। यहां आने के बाद हमें लड़की दिखाई गई। लड़की पसंद आने के बाद मैंने अपनी बहन को फोन किया। उसे जब बताया कि लड़की हमें पसंद आई है और शादी के लिए 2.50 लाख रुपए की डिमांड की गई थी। जिसके बाद पैसे मिलते ही वह सभी भाग खड़े हुए।

## मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी में चार उपभोक्ता पर केस दर्ज

**केटी न्यूज/दावथ**

विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दावथ क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सुचना के आधार पर एसटीएफ के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा निरीक्षण के क्रम में पाया कि परिसर मे लगे मीटर के सर्विस तार मे कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा चोरी की जा रही थी। जिसको लेकर चार लोगों पर जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

दर्ज प्राथमिकी मे देवगना निवासी लक्ष्मण सिंह पर 21230 रुपए, जगदीश प्रसाद पर 16049 रु, निर्मल कुमार पर 21230रु व सहदेव पंडित पर 16603 रुपये जुमार्ना लगायी गयी है। उपरोक्त सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनके परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा हुआ है तथा बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन डिसकनेक्ट प्रदर्शित हो रहा है वह रिचार्ज कराने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें।

साथ ही एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति घरेलु, व्यवसायिक, ई-रिक्शा चार्ज, कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच दल मे एसटीएफ के सहायक अभियंता समरजीत कुमार लाइनमैन बिन्देश्वरी प्रसाद, चन्दन बैठा आदि उपस्थित थे।

## जीआरपी में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/सासाराम**



जीआरपी, सासाराम में तैनात एक भ्रष्ट पुलिस अवर निरीक्षक घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई निगरानी विभाग की टीम ने की है। भष्ट पुलिस अवर निरीक्षक को निगरानी की टीम लेकर गयी पटना। घटना के संदर्भ में निगरानी की टीम में शामिल पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार ने बताया की जीआरपी सासाराम में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने एक केस में परिवादिनी वसंती कुमारी के पति रंजीत कुमार उर्फ करण यादव की मदद करने के लिए परिवादिनी से बीस हजार रुपए घूस की मांग की थी। वसंती कुमारी पटना मुख्यालय में उत्पाद विभाग में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। परिवादिनी ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग में पहले ही कर दिया था। निगरानी विभाग की टीम ने परिवादिनी को पाँच हजार रुपए लेकर आज विजय कुमार सिंह के स्टेशन परिसर आवास में भेजा था, जहां से उसे घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा गया। निगरानी के पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार ने बताया की बीते 24 फरवरी, 2025 को सासाराम रेलवे स्टेशन पर परिवादिनी के पति और निबंधन विभाग, सासाराम में कार्यरत लिपिक नीरज कुमार गुप्ता के साथ मारपीट हुई थी, जिसमें नीरज ने परिवादिनी के पति पर जीआरपी, सासाराम में केस दर्ज कराया था। उसी केस की पैरवी परिवादिनी वसंती कुमारी कर रही थी। वसंती कुमारी मूल रूप से जिले के संझोली की रहने वाली है।

### गौ रक्षा केवल संगठन की जिम्मेदारी नहीं, यह हर उस आत्मा की पुकार है

## गाय नहीं बची तो मानवता भी न बचेगी : मिश्रा

- विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा के तत्वधान में बैठक का आयोजन
- हर उस आत्मा की पुकार है जो मातृत्व को समझता है



**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

गौ माता की सेवा केवल एक परंपरा नहीं,आत्मा की पुकार है। जिसको लेकर शहर के एक सभागार में विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के तत्वधान में हुई बैठक। जिस बैठक का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलित के साथ गौ पूजन से हुई। अवसर पर वर्षों से गुमनाम सेवा में लगें गौ संरक्षक रामजी पांडेय उर्फ बड़क बाबा को सम्मानित कर उन्हें भव्य सम्मान स्वरूप पुष्पमाला,अंगवस्त्र और तलवार भेंट की गई । जो भेट में मिली तलवार केवल एक प्रतीक नहीं,धर्म की रक्षा में उठे दृढ़ संकल्प का प्रतिनिधि बन गई। डॉ. अमरेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता और त्रिलोकी नाथ बागी के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में गौ सेवा के वैज्ञानिक,आध्यात्मिक और सामाजिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभा में उपस्थित व्यक्ति ने हृदय भाव से बोला कि गाय नहीं बची,तो मानवता भी न बचेगी। केंद्रीय विधि प्रमुख अधिवक्ता शशांक शेखर ने कानून की धाराओं को जनभाषा में समझाते हुए कहा कि गौ हत्या पर चुप रहना भी अपराध है। अब समय है कि हर घर हर गांव इस धर्मयुद्ध में शामिल हो। सभा स्थल पर उपस्थित दक्षिण बिहार प्रांत गौरक्षा प्रमुख रविंद्र राय,भाजपा नेता मदन प्रसाद वैश्य, सनातनी चंदन बाबा ,मनीष मिश्रा ,कुंदन पाण्डेय ,पप्पू मिश्रा , सत्यम चौबे ,रवि कांत मिश्रा सुमंत तिवारी ,सहित अन्य गणमान्य जनों ने समाज से अपील की गौ रक्षा केवल संगठन की जिम्मेदारी नहीं, यह हर उस आत्मा की पुकार है जो मातृत्व को समझता है। सभा के अंत में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि हम अपने गांव, मोहल्ले,समाज और देश की हर गाय की रक्षा करेंगे। चाहे उसके लिए कितना भी बड़ा संघर्ष क्यों न करना पड़े । इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि बिक्रमगंज सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि वह धरती है जहां से गौरक्षा का यज्ञ दोबारा शुरू हो रहा है। परिषद द्वारा सेवा गतिविधियों का संचालन निश्चित उद्देश्य के अंतर्गत किया जाता है। देश के सभी भू-भागों, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में धर्मांतरण रोकना तथा परावर्तन को प्रोत्साहन देना।अशिक्षित, पिछड़े अथवा साधनहीन समाज बांधवों का स्वाभिमान जगाते हुए उन्हें स्वावलम्बी एवं जागरूक बनाना तथा। जिनकी सेवा की जाती है, धीरे-धीरे वे स्वयं सेवाकार्य करने वाले बनें।



# सीएम नीतीश कुमार ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मलाही पकड़ी एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के निमार्णाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने साइट मैप के माध्यम से पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर (मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल) में निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

अभय कुमार सिंह ने मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी, टिकट काउंटर, यात्री सुविधा, पब्लिक एरिया, पेड एरिया, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म तक जाने का रास्ता एवं अन्य उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो रेल लाईन (कुल 6.20 कि0मी0) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके संचालन हेतु बिहार सरकार के द्वारा 115.10 करोड़ रुपए उपलब्ध करायी गयी है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है। इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना मेट्रो रेल परियोजना को ससमय पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो।

## सीएम नीतीश ने मुंगेर के संग्रामपुर में औद्योगिक पार्क के निर्माण को दी मंजूरी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा की, जिसके तहत मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड के पतघाघर के समीप डंगरा पहाड़ी पर औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जाएगा। यह पार्क लगभग 300 एकड़ सरकारी जमीन पर बनेगा और इसका उद्देश्य उद्योगों को बढ़ावा देना और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। सीएम नीतीश कुमार ने इस परियोजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह औद्योगिक पार्क राज्य के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा और विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। इस घोषणा के बाद से इलाके में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस औद्योगिक पार्क के निर्माण से न केवल रोजगार की समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र का भी समग्र विकास होगा। संग्रामपुर क्षेत्र, जो पहले रोजगार के अभाव के कारण दूसरे राज्यों में पलायन करने के लिए मजबूर था, अब अपने घरों में ही रोजगार के अवसर देखेगा। नक्सल प्रभावित कटियारी पंचायत के ददरी, समदा और डंगरा मौजा में औद्योगिक पार्क के निर्माण से क्षेत्र में विकास की नई राहें खुलेंगी और पलायन पर रोक लगेगी।

### चांदन प्रखंड के सिलजोरी पंचायत के बियाही गांव में हुई दुखद घटना

# बांका में दो मासूम बच्चों के साथ महिला ने कुएं में कूदकर दे दी जान

**केटी न्यूज/पटना**

बांका जिले के चांदन प्रखंड अंतर्गत सिलजोरी पंचायत के बियाही गांव से बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। पारिवारिक विवाद से तंग आकर एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ गांव के ही एक कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। तीनों के शव कुएं से बरामद किए गए हैं। इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं, स्थानीय प्रशासन जांच में जुट गया है। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान बियाही मोड़ निवासी चंदन यादव की 25 वर्षीय पत्नी सुजीता देवी के रूप में हुई है। उसके साथ पांच वर्षीय पुत्र शिवम कुमार और 15 माह की पुत्री भवानी कुमारी के शव भी कुएं से बरामद किए गए हैं।

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को सुजीता देवी का अपनी सास के साथ घास काटने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह अपने दोनों बच्चों के साथ घर से बाहर निकल गई थी। परिजनों को लगा कि वह कुछ समय बाद लौट आएगी, लेकिन बुधवार सुबह गांव के बहियार स्थित एक कुएं में एक बच्चे का शव तैरते हुए देखा गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और खुद भी कुएं से शव निकालने में जुट गए। कुछ ही देर में कुएं से तीनों के शव बरामद कर लिए गए। यह दृश्य इतना मर्मांतक था कि मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। शव मिलने की सूचना पर गांव में अफरातफरी मच गई।



### पंपिंग सेट से सुखाया गया कुएं का पानी

सूचना मिलते ही चांदन थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार व एएसआई रविन्द्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट से कुएं का पानी निकालने के बाद गोताखोर के सहयोग से तीनों शव को बाहर निकाला। चांदन थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने तीन शव बरामद किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृतक के किसी भी परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाई बोला...बहन के साथ होती थी मारपीट

मृतका के भाई सुंदर यादव ने मीडिया को बताया कि उनकी बहन के साथ लंबे समय से घरेलू हिंसा हो रही थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ही बहनोई चंदन यादव ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए कहा था कि सुजीता मां से झगड़ा कर रही है, जाकर उसे समझाओ नहीं तो अंजाम बुरा होगा। सुंदर यादव के मुताबिक, चंदन अक्सर सुजीता को पीटता था। इस मुद्दे को लेकर पिछले सावन महीने में गांव की पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें मुखिया और सरपंच की मौजूदगी में चंदन से एक बांड भरवाया गया था कि वह आगे से ऐसा नहीं करेगा। इस मामले की सूचना थाना को भी दी गई थी। घटना के बाद से मृतका की सास और ससुर शंकर यादव घर से फरार बताए जा रहे हैं। वहीं, पति चंदन यादव फिलहाल मुंबई में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। मृतका का मायका जमुई जिले के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में पड़ता है।

### कैमूर में युवक की गोली मारकर हत्या

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित अनंतपुरा गांव में देर शाम मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो युवकों के बीच कहासुनी के बाद एक युवक ने गुस्से में आकर ताबड़तोड़ दो गोलियां चला दी, जिससे मौके पर ही एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव निवासी धर्मराज तिवारी के पुत्र निगम तिवारी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि निगम किसी कार्यवश अनंतपुरा गांव गया था, जहां किसी स्थानीय युवक से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया।







# मुजफ्फरपुर में चार युवतियों को बंधक बना जबरन कराया जा रहा था देह व्यापार

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**



मुजफ्फरपुर शहर के बीचों बीच चार युवती को बंधक बनाकर उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। अब पुलिस ने कारवाई करते हुए बड़े सेक्स रैकेट का उद्वेदन किया है। इस मामले में पुलिस ने पति पत्नी समेत पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दे की पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के नगर थाना छेत्र के कल्याणी चौक के समीप स्थित एक घर का है जहाँ से कल नगर थाना प्रभारी के सरकारी नंबर पर एक युवती का कॉल आया। उस युवती के द्वारा बताया गया कि उसे कुछ लोग जबरन बंधक बनाकर के उससे देह व्यापार का धंधा करा रहे है। मामले की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस और डीएसपी टाऊन सीमा देवी ने कार्रवाई शुरू की।

वही मामले की सूचना मिलते ही तत्काल नगर थाना की पुलिस पूरे मामले से अपने वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए कल्याणी चौक पहुंची और काफी मशक्कत के बाद उस घर पर पहुंची। जहां चार लड़कियों को बंधक बना कर रखा गया था। लेकिन जैसे ही आरोपीयो को पुलिस के आने की भनक मिली तो आरोपियों ने घर के दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया। जिसके बाद पुलिस को दरवाजा खुलवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। तब जाकर आरोपियों ने घर के दरवाजे को खोला। जहां से चार युवतियों को पुलिस ने मुक्त कराया गया। वही मौके से कई आपत्तिजनक चीज को भी पुलिस ने बरामद किया। जिसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अलग अलग थाना क्षेत्र के दो होटलों के मैनेजर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पूरे मामले की जानकारी देते हुए टाऊन डीएसपी सीमा देवी ने बताया कि पुलिस के अनुसंधान में अभी तक यह बातें सामने आई है की ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के जुरन छपडा की रहने वालीं किरण कुमारी अपने पति दिलीप कुमार कुशवाहा के साथ मिल कर नगर थाना क्षेत्र के कल्याणी चौक पर एक मकान किराया पर ले रखा था। उसी मकान में युवती को बंधक बना कर उनसे जबरन देह व्यापार कराया जाता था।


### रोहतास में निजी बसों का अनिश्चितकालिन हड़ताल का ऐलान

**सासाराम।** यातायात पुलिस द्वारा यात्री बसों से काटे जा रहे चालान का रोहतास जिला बस ओनर एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है। जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में यातायात पुलिस द्वारा शहर की सड़कों पर अवैध रूप से खड़े यात्री बसों का चालान काटा जा रहा है, जिसके खिलाफ अब एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। रोहतास जिला बस ओनर एसोसिएशन के सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा कि 12 जून से जिले में प्राइवेट बसों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जा रहा है। एसोसिएशन ने बताया कि जिला प्रशासन के तुगलकी फरमान के आलोक में यातायात पुलिस शहर की सड़कों पर यात्री बसों का खदेड़-खदेड़ कर चालान काट रही है जबकि बसों के सारे कागजात अद्धतन है।

### राबड़ी आवास के बाहर सुबह से ही कार्यकताओं और समर्थकों की लगी रही भीड़

# राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मनाया 78वां जन्मदिवस, पूरे दिन बधाइयों का लगा रहा तांता

**केटी न्यूज/पटना**



राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का बुधवार को 78वां जन्मदिन था। पार्टी कार्यकर्ता से लेकर समर्थक तक ने पूरे राज्य में जन्मदिन का जश्न मनाया। लालू यादव ने आधी रात को केक काटकर जन्मदिन की शुरूआत की। इस खास मौके पर आरजेडी नेता और कार्यकताओं का पूर्व सीएम राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर तांता लगा रहा। सभी ने लालू को जन्मदिन की बधाइयां दीं। राजद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार 78 तरह के फलों का टोकरा लेकर लालू यादव को शुभकामनाएं देने पहुंचे। साथ ही, कार्यकताओं की ओर से लाया गया 78 किलो का लड्डू भी खास आकर्षण रहा, जिसे लालू यादव ने पारंपरिक अंदाज में तलवार से काटा। राबड़ी आवास के बाहर सुबह से ही कार्यकताओं और समर्थकों की भीड़ जमा रही। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच लोग नाचते-गाते दिखे। कुछ मिठाइयों और केक के डिब्बे लेकर पहुंचे थे तो कुछ हाथों में तलवारें लहराते हुए जश्न मना रहे थे। आरजेडी ने इस दिन को 'सामाजिक सद्भावना दिवस' के रूप में मनाया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भी बुधवार को 78 पौंड (35 किलो से ज्यादा) का केक काटा गया। लालू यादव के जन्मदिन पर ना सिर्फ पार्टी कार्यकताओं ने शुभकामनाएं दीं, बल्कि कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने भी उन्हें बधाई दी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। हमारे बीच का रिश्ता सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं रहा- यह एक गहरा मानवीय जुड़ाव रहा है, जो समान मूल्यों और सामाजिक न्याय के संघर्ष पर आधारित है। आपका जीवन संघर्षों से भरा रहा है, लेकिन आपने हमेशा मजबूती और हौसले के साथ उन लोगों की आवाज उठाई है, जिन्हें अक्सर अनसुना कर दिया जाता है। आज आपके जन्मदिन पर मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना करता हूं।

### नवादा जिले के सरतकिया में बनेगा लालू यादव का मंदिर

**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र के सरतकिया गांव में लालू यादव के 78वें जन्मदिन पर एक अनूठी पहल सामने आई है। पूर्व सैनिक नरेश यादव ने लालू यादव के मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया है। मंदिर का शिलान्यास पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर सरतकिया गांव के सभी निवासी मौजूद रहे। मंदिर में लालू यादव की 6 फुट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सरतकिया गांव में एक परंपरा रही है। हर साल लालू यादव के जन्मदिन पर मिट्टी की प्रतिमा बनाकर पूजा की जाती थी। बता दें कि दक्षिण भारत के राज्यों में कई बड़े नेताओं का मंदिर बनाया गया है। जहां उनकी पूजा की जाती है।



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के इस बड़े शहर में गरजा बुलडोजर, 39 अवैध मकान किए जमींदोज

**जमशेदपुर, एजेंसी।** रेलवे की इंजीनियरिंग विभाग की सायरन बजते हुए बुलडोजर गरजा और करनडीह व सुंदरनगर में 39 अवैध मकानों को जमींदोज कर दिया गया ।बदामपहाड़ सेक्शन का दोहरीकरण होना है इसके अलावा इस क्षेत्र में रेलवे नया वाशिंग लाइन बनाने की योजना है। ऐसे में रेलवे के किनारे अवैध रूप से रह रहे अतिक्रमण को मंगलवार को हटाया गया ।इस दौरान करनडीह से 12 व सुंदरनगर में 37 अवैध मकान, गुमटी व प्लास्टिक से बने झोपड़ियों को हटाया गया। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रेलवे की जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए एक माह पहले ही नोटिस दिया गया था ।सुबह लगभग 11 बजे इंजीनियरिंग विभाग की टीम आरपीएफ व जिला प्रशासन बल के साथ दोनों स्थानों पर एक-एक बुलडोजर के साथ पहुंची और जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए पहले सायरन बजाया ।सायरन के बजते ही वैसे लोग जिनके सामान अब भी घरों में रखे हुए थे, आनन-फानन में बाहर निकालने में लगे रहे। इस बाद रेलवे ने कार्रवाई शुरू की और रेलवे की जमीन के किनारे अवैध रूप से सभी मकानों को ध्वस्त कर दिया। दोपहर एक बजे तक चली इस कार्रवाई में कुल 39 अवैध निर्माण को तोड़ा गया ।जिन लोगों का घर या झोपड़ी टूटी है वे इस कार्रवाई से काफी नाराज हैं। उनका कहना था कि जब हम यहां बस रहे थे तब रेलवे ने क्यों नहीं रोका। तब रेलवे के ही लोग पैसे लेकर बसने दिया। हम दूसरे शहर से जमशेदपुर में खाने-कमाने आए हैं और झोपड़ी बनाकर यहां रह रहे हैं, आज हमें बेघर कर दिया। कम से कम हमें उजाड़ने से पहले पुर्नवास की व्यवस्था या मुआवजा तो रेलवे देती लेकिन हमारे लिए किसी तरह की कोई पहल नहीं की गई।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बोली : मोदी सरकार ने 11 साल में किया असंभव को संभव, विकसित भारत लक्ष्य

**रांची, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को दावा कियाकि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष केकार्यकाल में असंभव को संभव किया है। कहा, आजदुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। अगलालक्ष्य विकसित भारत बनाना है। स्मृति ईरानी ने प्रदेशभाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा किझारखंड में केंद्रीय योजनाओं पर काम नहीं हो रहा है ।इसकेलिए राज्य सरकार से सवाल पूछे जाने चाहिए। दावा किया कि भारत के रक्षा उपकरणों का निर्यात 34 गुनाबढ़ा है। जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवेब्रिज के उद्घाटन पर विपक्षी दल के मुख्यमंत्री ने भीसराहना की। स्मृति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एकनए शौर्य, साहस और धैर्य को प्रकट किया है। आज मोदीसरकार में 68त्न मंत्री एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग सेहैं। इधर, स्मृति ईरानी ने राजभवन जाकर राज्यपाल संतोषकुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट भी की। प्रेस वार्ता मेंप्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय, प्रदेश महामंत्री आदित्यसाहू और प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी थे। स्मृति ने कहा कि पूरे देश के साथझारखंड के सर्वांगीण विकास के लिएमोदी सरकार समर्पित है ।प्रधानमंत्री नेभगवान बिरसा मुंडा की धरती से 24हजार करोड़ रुपए की जन-मनयोजना से आदिवासी गांवों कासर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया ।देश का कृषि बजट 5 गुना बढ़ा है। 3लाख 70 हजार करोड़ रुपए किसानोंको प्राप्त हुए। देश के 11 करोड़किसानों के खाते में प्रतिवर्ष किसानसम्मान निधि के 6 हजार रुपए पहुंचरहे हैं। किसान क्रेडिट कार्ड कीलिमिट 5 लाख रुपए तक बढ़ाई गई ।4 करोड़ गरीबों को घर मिले। 15करोड़ घरों तक नल से जल कीसुविधा दी गई। 12 करोड़ गरीबों केघरों में शौचालय बने। पूर्व केंद्रीयमंत्री ने मोदी सरकार में महिलाओं केलिए हुए ऐतिहासिक काम भी गिनाए ।केंद्र सरकारलुटेरों के घरसे पैसे निकाल रही : मरांडीरांची महानगर और ग्रामीणजिला भाजपा के संयुक्ततत्वावधान में मंगलवार कोअरगोड़ा में प्रोफेशनल मीटहुआ। इसमें बड़ी संख्या मेंअधिवक्ता, डॉक्टर, प्राध्यापक,शिक्षक, इंजीनियर, सीए, सीएस,व्यवसायी आदि शामिल हुए ।मुख्य अतिथि के रूप में स्मृतिईरानी ने कहा कि भाजपा सत्ताकी नहीं, राष्ट्र की उन्नति के लिएसंकल्पित है। प्रदेश अध्यक्षबाबूलाल मरांडी ने कहा कि देशको लूटने वालों के घर से मोदीसरकार पैसे निकाल रही है। मोदीसरकार ने नक्सल उन्मूलन कीदिशा में बड़ा काम किया है।

---

हेमंत सोरेन की भाभी समेत 9 के खिलाफ चोरी,

# रंगदारी और किडनैपिंग का मामला दर्ज, पूर्व पीए ने लगाए आरोप

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन समेत नौ अन्य के विरुद्ध मंगलवार को धनबाद की अदालत में मुकदमा दर्ज किया गया है। जगन्नाथपुर, रांची निवासी सीता सोरन के पूर्व पीए देवाशीष मनोरंजन घोष ने हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन, बरबड्डा निवासी सुनील चौधरी उर्फ सुनील पासी समेत 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 308(4), 115(2), 126(2), 316(2), 318(4), 14](3), 61(2) चोरी, रंगदारी, मारपीट, चीटिंग अपहरण एवं आपराधिक षड्यंत्र का केस दर्ज किया गया है।



धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत ने देवाशीष के अधिवक्ता के के तिवारी की दलील सुनने के बाद मुकदमे को सुनवाई के लिए स्वीकृत कर लिया है।

देबाशीष ने अदालत में दायर शिकायतवाद में आरोप लगाया है कि वह सीता सोरेन का निजी सचिव था। 6 मार्च 25 को सीता सोरेन ने उसे कतरास में एक शादी समारोह में जाने के लिए कहा था, जिसके बाद वह अपनी गाड़ी से शादी समारोह में शामिल होने हेतु सीता सोरेन के साथ धनबाद आया।

समारोह में शामिल होने के बाद वह सोनोटोल होटल में विश्राम के लिए गया था। रात के 11.30 बजे सीता सोरेन के कहने पर सभी आरोपियों ने देवाशीष के साथ मारपीट कर उससे सादा कागज पर हस्ताक्षर करा लिया और उसके सारे एटीएम कार्ड लेकर विभिन्न जगह से चार लाख रुपए की निकासी कर ली।

देवाशीष ने आरोप लगाया है कि आरोपी सुनील चौधरी एवं राहुल नोनिया द्वारा लाए गए अवैध देसी कट्टा को जबरन देवाशीष को पकड़ाने की कोशिश की एवं थाना को सूचना कर सीता सोरेन ने अपने राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाते हुए देवाशीष के विरुद्ध एक झूठा मुकदमा आर्म्स एक्ट के तहत सरायढेला थाना में दर्ज करवाकर उसे जेल भेजवा दिया। देवाशीष ने आरोप लगाया है कि सभी आरोपियों ने उसका गाड़ी, जमीन के कागजात व अन्य सामान छीन लिए जो वापस नहीं किया। देवाशीष ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह जेल से बाहर निकला और इस पूरी घटना की शिकायत सरायढेला थाना प्रभारी को 27 मई 25 को की थी, परंतु घाना के द्वारा कार्रवाई नहीं की गई।

---

## कोडरमा स्टेशन में छात्र से लूट-पाट, तीन युवकों ने घेर लूट लिए मोबाइल व पैसे, गिरफ्तार

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा रेलवे स्टेशन के पास बीती रात एक लूट की वारदात सामने आई है। गिरिडीह जिले के घोड़थम्भा निवासी आयुष कुमार अपने मित्र के साथ रांची स्थित मारवाड़ी कॉलेज में बीएससी आईटी में नामांकन के लिए ट्रेन पकड़ने कोडरमा स्टेशन पहुंचा था। इसी दौरान रात करीब 1 बजे स्टेशन के समीप तीन युवकों ने उन्हें घेर लिया। फिर उनके पास से मोबाइल फोन तथा नगद 10 हजार रुपए लूट लिए। पीड़ित छात्रों ने लुटेरों से मोबाइल और कुछ पैसे वापस करने की गुहार भी लगाई, लेकिन आरोपियों ने उनकी एक न सुनी और वहां से फरार हो गए।

**तिलैया पुलिस को दी गई सूचना**

घटना के तुरंत बाद आयुष कुमार और उनके मित्र ने तिलैया थाना को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही तिलैया पुलिस की पैंथर टीम हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की।

इसके साथ ही लुटेरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए। स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई, जिससे अपराधियों की गतिविधियों का कुछ सुराग मिला।

पुलिस द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान तीनों आरोपी शहर में ही घुमते पाए गए। पैंथर जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को हिरासत में लिया और थाने लाकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के क्रम में तीनों युवकों ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उनके पास से लूटे गए मोबाइल फोन और नकदी बरामद कर ली। इसके अलावा आरोपियों के पास से पांच अन्य चोरी के मोबाइल फोन भी मिले हैं, जिससे उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

तिलैया पुलिस ने पीड़ित छात्रों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अन्य मामलों में भी उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है। कोडरमा स्टेशन क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए पुलिस गश्ती और निगरानी को और मजबूत करने की योजना पर काम कर रही है, ताकि आम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

---

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा बोली : संविधान बदलना चाहती है भाजपा, कांग्रेस हर लड़ाई को तैयार



**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार की मंशा संविधान को बदलने की है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 पार कानारा इसी उद्देश्य से दिया था। लेकिन जनता नेउनकी मंशा को समझ लिया, इसलिए भाजपाको पूर्ण बहुमत नहीं मिला।

ये बातें कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को कही। वेएसएस प्लस टू हाई स्कूल रोड में आयोजित जिलास्तरीय संविधान बचाओ रैली कोसंबोधित कर रही थीं। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहाकि राहुल गांधी के संघर्ष का ही नतीजा है किकेंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने कानिर्णय लिया। उन्होंने कहा कि निजी संस्थानों मेंभी आरक्षण लागू होना चाहिए।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दावा किया किकेंद्र की मोदी सरकार बाबा साहब भीम रावआंबेडकर के संविधान को खत्म कर मनुस्मृतिलागू करना चाहती है। अगर भाजपा का 400का नारा कामयाब हो जाता, तो ये किसी भी हदतक चले जाते। लेकिन गठबंधन ने इनके गलतइरादों को रोका है। देश का संविधान औरलोकतंत्र खतरे में है। कहा कि कुछ लोगआदिवासियों को बांटने की साजिश कर रहे हैं।भगवान बिरसा मुंडा को भी इसी तरह अंग्रेजोंके हाथों बेचा गया था।

आज के कुछ नेता भीवही कर रहे हैं। ये लोग व्हाट्सएप यूनिवर्सिटीके नेता हैं। इनसे सावधान रहने की जरूरत है।प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहाकि बाबा साहेब ने देश को संविधान दिया।भाजपा इस संविधान को बदलना चाहती है।कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा किसंविधान बनाने में भाजपा और आरएसएस कीकोई भूमिका नहीं थी। ये लोग अंबेडकर केविरोधी रहे हैं। आज संविधान खतरे में है।

---

# अमड़ापाड़ा बस स्टैंड के पास तीन दुकानों में लगी आग6 लाख का नुकसान

**पाकुड़, एजेंसी।** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में एक बड़ी दुर्घटना घट गई। अमड़ापाड़ा बस स्टैंड के पास अस्थायी रूप से लगी तीन दुकानों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते फर्नीचर की दुकान, एक नाश्ता दुकान और एक पान की गुमटी इसकी चपेट में आ गई। सुबह का वक्त होने के कारण आसपास के लोग सक्रिय थे, जिन्होंने धुआं और लपटें उठते ही मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी।



**स्थानीय लोगों ने किया आग पर काबू**

घटना की सूचना मिलते ही डीबीएल कॉल कंपनी के पानी टैंकर को बुलाया गया। स्थानीय लोगों की तत्परता और सामूहिक प्रयास से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो आसपास की अन्य दुकानें और आवासीय इलाके भी इसकी चपेट में आ सकते थे। लोगों की सूझबूझ और त्वरित प्रतिक्रिया से एक बड़ी त्रासदी टल गई।

**फर्नीचर दुकान में सबसे अधिक नुकसान**

इस घटना में सबसे अधिक नुकसान फर्नीचर दुकान के मालिक कजिरुल सेख को हुआ। वह बकरीद मनाने अपने गांव गगन पहाड़ी गए हुए थे। उनकी दुकान में रखे पलंग, सोफा, कुर्सी, गद्दे आदि जलकर खाक हो गए। अनुमान है कि कजिरुल को करीब 4 से 5 लाख रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। वहीं, प्रदीप भगत की पान की गुमटी और संतोष पाल की नाश्ता दुकान में भी कुल मिलाकर डेढ़ लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

**मुआवजे की प्रभावित लोगों ने की मांग**

दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि वे फिर से अपने कारोबार को शुरू कर सकें। घटना के बाद अमड़ापाड़ा थाना पुलिस ने मौके का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी है। हालांकि, आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फिर भी लाखों के नुकसान से प्रभावित परिवारों के सामने आजीविका की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

---

# झारखंड में कोरोना संक्रमित मरीज की सेप्टिक शॉक से मौत, रिम्स में चल रहा था इलाज


**रांची, एजेंसी।** रिम्स में इलाजरत कोविड से संक्रमित एक मरीज की मौत सेप्टिक शॉक के कारण मंगलवार को हो गई। 44 वर्षीय मरीज को दो जून को सीआईपी रांची से रिम्स रेफर किया गया था।

मरीज को खाना गले में फंस जाने की वजह से दिल का दौरा पड़ा और सांसे रुक गई, जिसके पश्चात उसे सीपीआर दिया गया और बचाने की कोशिश की गई। वेंटिलेटर सपोर्ट के लिए रिम्स लाया गया।

जांच में एस्पीरेशन निमोनिया की पुष्टी हुई। इस कारण ट्रामा सेंटर में वेंटीलेटर पर रखा गया। इसके अलावा मरीज को कई अन्य प्रकार की बीमारियां भी पहले से थी।

पांच जून को भर्ती मरीजों की जांच में मरीज को कोविड पॉजिटिव पाया गया। रांची में 12 कोरोना के एक्टिव केस है, जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।

रिम्स चिकित्सकों के अनुसार मरीज की मृत्यु सेप्टिक शॉक की वजह से हुई है जिसमें मुख्यतः सर्कुलेटरी फेल्योर होता है न रेस्पिरेटरी फेल्योर जो कि आम तौर पर कोविड मरीजों में मौत का कारण होता है।



सेप्टिक शॉक एक जानलेवा स्थिति होती है जो तब होती है जब शरीर को किसी संक्रमण से लड़ने की प्रक्रिया खुद शरीर को नुकसान पहुंचाने लगती है। यह सेप्सिस का गंभीरतम चरण होता है।

**सेप्टिक शॉक क्या है**

जब शरीर में कोई संक्रमण (फेफड़ों, पेट, मूत्र मार्ग, या त्वचा) बहुत अधिक फैल जाता है, तो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अत्यधिक प्रतिक्रिया देने लगती है। यह प्रतिक्रिया सिस्टमिक इनफ्लेमेटरी रिस्पांस पैदा करती है, जिससे

रक्तचाप बहुत कम हो जाता है। अंगों (जैसे कि किडनी, लिवर, ब्रेन) तक खून की आपूर्ति कम हो जाती है।आक्सीजन की कमी होने लगती है। कई अंग एक-एक करके काम करना बंद करने लगती है।

---

## कोडरमा केमिकल्स कंपनी पर खलासी को बंधक बनाने का आरोप, पुलिस से मांगी मदद

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र स्थित कोडरमा केमिकल्स नाम की कंपनी में एक खलासी को तीन दिन तक बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। पीड़ित अरुण कुमार रॉय बीते दो वर्षों से इस फैक्ट्री में काम कर रहा है। परिजनों के अनुसार, 8 जून की रात वह घर नहीं लौटा। उसने फोन पर जानकारी दी कि वह फैक्ट्री में है, लेकिन अगले दिन उसका मोबाइल बंद मिला।

**फैक्ट्री पहुंचीं मां को लौटाया गया, पुलिस से मांगी मदद:** अरुण की मां संगीता देवी ने जब फैक्ट्री जाकर बेटे की खोजबीन की तो उन्हें वहां से लौटा दिया गया। इसके बाद उन्होंने तिलैया थाना को घटना की जानकारी दी। फैक्ट्री के एक कर्मचारी ने बताया कि अरुण का मोबाइल फैक्ट्री मालिक ने अपने पास रख लिया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस सक्रिय हुई और फैक्ट्री पहुंचकर अरुण को मुक्त कराया गया।

**ट्रक से 4 लाख रुपए गायब, खलासी पर आरोप :** अरुण ने पुलिस को बताया कि वह नौगछिया (बिहार) से माल उतारकर फैक्ट्री लौटा था, लेकिन ट्रक में रखे करीब 4 लाख रुपए गायब हो गए। फैक्ट्री मालिक ने ट्रक



चालक और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की, मगर उन्हें छोड़ दिया गया। जबकि अरुण को तीन दिनों तक फैक्ट्री में रोके रखा गया और फोन भी जब्त कर लिया गया। उसने कहा कि अगर वह दोषी है तो कानून के अनुसार सजा भुगतने को तैयार है, लेकिन इस तरह बंधक बनाना गलत है।

**फैक्ट्री मालिक ने आरोपों से किया इनकार :** इस मामले में फैक्ट्री मालिक ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। वहीं, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है और जांच जारी है। पूछताछ के दौरान फैक्ट्री मालिक ने दावा किया कि अरुण को बंधक नहीं बनाया गया था, वह स्वयं काम पर था।

---

# पारसनाथ पर्वत को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग हुई तेज, सीएम से मिला आश्वासन

**रांची, एजेंसी।** पारसनाथ पर्वत यानी मरांग बुरू को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग तेज हो गई है. सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर संथाल समाज से जुड़े मरांग बुरू बचाओ संघर्ष समिति के 51 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की.

सीएम आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से गिरिडीह स्थित मरांग बुरू यानी पारसनाथ पीरटांड को संथाल आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल को संरक्षित करने एवं प्रबंधन निगरानी, नियंत्रण और अनुश्रवण के लिए ग्राम सभा को जिम्मेवारी देने की मांग की।

### सीएम ने आदिवासियों को दिया आश्वासन

मरांग बुरू बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामलाल मुर्मू, फागू बेसरा और साहित्यकार भोगला सोरेन की मौजूदगी में शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से इस संबंध में विस्तार से चर्चा की. उनका कहना था कि पारसनाथ पर्वत पीरटांड में प्राचीन काल से संथाल समुदाय मरांग बुरु को ईश्वर के रूप में पूजते आ रहे हैं. छोटानगपुर कास्तकारी अधिनियम 1908, सर्वे भूमि अधिकार अभिलेख, कमीश्नरी कोर्ट, पटना हाई कोर्ट और प्रिवी काउंसिल कोर्ट से संथाल आदिवासियों को अधिकार प्राप्त है. इसलिए पारसनाथ पर्वत को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया जाए. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल को विधिसम्मत निर्णय लेने का आश्वासन दिया।



### मरांग बुरू बचाओ संघर्ष समिति ने रखी कुछ अन्य मांगे

मरांग बुरू बचाओ संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री से कुछ अन्य मांगें भी रखी. सौंपे गए ज्ञापन में शिष्टमंडल ने आदिवासियों के धार्मिक स्थल मरांग बुरु, लुगू बुरु, अतु ग्राम, जाहेर थान (सरना), मांझी थान, मसना, हड़गडी आदि धार्मिक स्थल की रक्षा के लिए आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम बनाने का आग्रह किया है. साथ ही भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय संशोधन मेमोरंडम पत्र स्न.ह्य 11-584/2014-ङ्करु दिनांक 05 जनवरी 2023 एवं झारखंड सरकार पर्यटन, कला, संस्कृति विभाग के पत्रांक 1391, दिनांक 22.10.2016 एवं विभागीय पत्रांक 14/2010-1995 दिनांक 21.12.2022 का दिशा-निर्देश, जिसमें मांस-मदिरा के सेवन एवं खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इसके अलावा पारसनाथ पहाड़ को सिर्फ जैन समुदाय का सम्मेद शिखर विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल का उल्लेख किया गया है, जो जैन समुदाय के पक्ष में एक तरफा एवं असंवैधानिक आदेश है, उसे रद्द करने की मांग की है. शिष्टमंडल ने पारसनाथ पर्वत को संथाल आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल को सुप्रीम कोर्ट केस संख्या 180/2011 एवं अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 की धारा 3 अंतर्गत सामूहिक वन भूमि अधिकार के तहत संरक्षण, प्रबंधन, निगरानी नियंत्रण एवं अनुश्रवण की जिम्मेवारी, वहां के आदिवासियों के ग्राम सभा को सौंपने की मांग की गई. शिष्टमंडल ने मरांग बुरू युग जाहेर, बाहा-बोंगा पूजा महोत्सव फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीय तिथि को राजकीय महोत्सव घोषित करने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है. पारसनाथ पर्वत में जैन समुदाय के द्वारा वन भूमि पर अवैध ढंग से मठ-मंदिर, धर्मशाला आदि का निर्माण होने का आरोप लगाते हुए अवैध ढंग से निर्माण को अतिक्रमण से मुक्त करने का आग्रह किया है।

## सुभाषितम्

विश्व के सभी धर्म, भले ही और चीजो में अंतर रखते हो, लेकिन सभी इस बात पर एकमत है कि दुनिया में कुछ नही बस सत्य जीवित रहता है। - अज्ञात

# हमास को बागी योद्धाओं से नष्ट कराने की तैयारी में इजराइल

इजराइल सर्वशक्ति संपन्न होते हुए भी हमास का खत्मा नहीं कर पाया। पिछले कई महीनो से इजराइल और गाजा के बीच में युद्ध चल रहा है। इजराइल ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। हजारों लोग मारे जा चुके हैं। महिलाएं और बच्चे भी इस युद्ध में बड़ी संख्या में मारे गए हैं। गाजा में भुखमरी फैली हुई है। घायलों को अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा है। डॉक्टर नहीं हैं, दवाइयां नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे आहार नहीं मिलने के कारण हजारों की संख्या में मारे गए हैं। इसके बाद भी इजराइल, हमास के योद्धाओं को खत्म नहीं कर पाया। पिछले 20 वर्षों से हमास का कब्जा गाजा पर है। इजराइल ने साम दाम दंड-भेद हर तरह के प्रयास कर लिए हैं। इसके बाद भी हमास का खत्मा नहीं हो पाया। इजराइल ने अब एक नई रणनीति तैयार की है। जिसके अनुसार हमास के बागियों को ही हमास को नष्ट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पॉपुलर फोर्सेज के लीडर यासर अबू शवाब हैं। यह संगठन खुद को आतंकवाद मिटाने वाला संगठन बताता है। कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरे और अपराधियों का संगठन मानते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में हमास को जड़-मूल से समाप्त करने की जिम्मेदारी अब पॉपुलर फोर्स को दे दी है। इसे हमास संगठन के बारे में सभी जानकारी है। सभी ठिकाने और उनकी ताकत के बारे में जानकारी होने के कारण इजराइल की सरकार ने अब कांटा से कांटा निकालने की रणनीति अपनाई है। अबू शबाब का संगठन अभी छोटे-छोटे अपराधों में लिप्त था। इजराइल सरकार का समर्थन मिलने के बाद एकाएक इसकी ताकत बहुत बढ़ गई है। यह संगठन अभी दक्षिणी गाजा में सक्रिय है। इस संगठन के लोग फिलीस्तीनी झंडे और काउंटर टेररिज्म यूनिट की वर्दी पहनकर अपने आप को आतंकवाद को खत्म करने वाला संगठन बताते हैं। अनादि काल से फूट डालो और राज करो की नीति चली आ रही है। इस नीति के माध्यम से सत्ता पर कब्जा तो कर लिया जाता है, लेकिन सत्ता ज्यादा दिनों तक चलती नहीं है। इजराइल इतने लंबे समय के बाद भी जब हमास को नियंत्रित नहीं कर पाया। ऐसी स्थिति में अब उसने हमास के बागियों को हमास के खिलाफ उतार दिया है। इन्हें इजरायल की सेना द्वारा भारी मात्रा में हथियार और धन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बैट ने जो कार्य योजना तैयार की है, उसको प्रधानमंत्री नेतन्याहू की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस कार्य योजना में हमास को पूरी तरह से खत्म करने के लिए नए उग्रवादी संगठन को पूरी ताकत के साथ खड़ा किया जा रहा है। हमास के लिए यह विभीषण साबित होंगे। सारी गोपनीय जानकारी यह इजराइल की सरकार को देंगे। संयुक्त रूप से हमास के खिलाफ अपनी लड़ाई को तेज करेंगे। इजराइल को लगता है, इस रणनीति के तहत इजराइल गाजा की लड़ाई को जल्द समाप्त कर देगा। इस समय सारी दुनिया में इजराइल-गाजा तथा रूस और यूक्रेन के बीच में जो युद्ध चल रहा है, वह काफी विनाशकारी साबित हुए हैं। ऐसी स्थिति में सारी दुनिया की चिंता इन दोनों युद्ध को समाप्त कराने की है। इसमें अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा अभी तक जो प्रयास किए हैं, उसमें कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए हैं। गाजा में जिस तरह के हालात हैं, वह पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले है। इजराइल, रूस और यूक्रेन के सामने आज सारी दुनिया के देश बेबस नजर आ रहे हैं। जो नेता सत्ता के सिंहासन में बैठे हुए हैं, वह इतने अहंकारी हो गए हैं। संवेदनशीलता जैसी कोई स्थिति उनमें देखने को नहीं मिल रही है। मानवता पूरी दुनिया में शर्मसार हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग हाथ पर हाथ रख कर बैठा हुआ है। रेड क्रॉस जैसी संस्थाएं कहां चली गईं, इसका भी पता नहीं लग पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद का जैसे कोई अस्तित्व ही नहीं रह गया है। निश्चित रूप से हमास इस समय सबसे कमजोर है। फिर भी वह अपनी लड़ाई लड़ रहा है। हमास के बागी कितना नुकसान पहुंचा पाएंगे यह भविष्य की गर्त में होगा। इतना तय है, हमास का अस्तित्व खत्म नहीं होगा। हां कुछ समय के लिए इजराइल को जरूर अपनी पीठ थपथपाने का मौका मिल जाएगा। जब सत्ता पर बैठे हुए लोग आतंकवाद को फैलाते हैं, तब मानव सभ्यता और मानव समाज को काफी नुकसान उठाना पड़ता है।

## चिंतन-मनन

### प्रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

# लगातार घटती गरीबी एवं बढ़ती धनाड्यों की संख्या

-प्रहलाद सबनानी




वैश्विक स्तर पर वित्तीय संस्थान अब यह स्पष्ट रूप से मानने लगे हैं कि विश्व में भारत की आर्थिक ताकत बहुत तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में जारी किए गए एक सर्वे रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारत में पिछले बीते वर्ष में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या एवं उनकी संपतियों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि विश्व के कई देशों विशेष रूप से विकसित देशों में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या एवं इनकी सम्पत्ति में वृद्धि दर लगातार नीचे गिर रही है। इसका आश्य तो अब यही लगाया जा सकता है विश्व में आर्थिक शक्ति अब पश्चिम से पूर्व की ओर स्थानांतरित हो रही है। भारत में जिस व्यक्ति की शुद्ध सम्पत्ति 5 करोड़ रुपए या उससे अधिक होती है उसे उच्च नेटवर्थ व्यक्ति (ल्ठहक) कहा जाता है। पिछले वर्ष भारत में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की औसत सम्पत्ति 8.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जबकि विश्व में यह औसतन 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। इसका परिणाम यह हुआ है कि भारत में मिलिनेयर्स की संख्या बढ़कर 378,810 हो गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 1.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्थात 129 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। वर्ष 2024 में भारत में 4,290 अल्ट्रा उच्च नेटवर्थ व्यक्ति निवास कर रहे थे, जिनकी कुल सम्पत्ति 53,477 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी। अल्ट्रा उच्च नेटवर्थ व्यक्ति उस नागरिक को कहते हैं जिसकी शुद्ध सम्पत्ति 3 करोड़ अमेरिकी डॉलर अथवा उससे अधिक होती है। भारत में तो उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या बढ़ी है परंतु यूरोप में इनकी संख्या 2.1 प्रतिशत घटी है। ब्रिटेन में 14,000, फ्रान्स में 21,000, जर्मनी में 41,000 उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या घटी है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या 1.7 प्रतिशत बढ़ी है तो लेटिन अमेरिका में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या 8.5 प्रतिशत घटी है। साथ ही, मध्य पूर्व में भी उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या में 2.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

क्या भारत में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की बढ़ती संख्या एवं इनकी बढ़ती सम्पत्ति से भारत में कहीं आर्थिक असमानता के गहराने का संकट तो खड़ा नहीं हो रहा है। हालांकि भारत में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की बढ़ती सम्पत्ति, भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत का प्रतीक भी है। परंतु, यदि इस बढ़ी हुई सम्पत्ति का लाभ समाज के समस्त नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है तो यह सोचनीय प्रशन्न अवश्य है।

इसी संदर्भ में हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में अत्यधिक गरीबी में जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अतुलनीय रूप से कमी दर्ज की गई है। यह भारत के लिए निश्चित ही बहुत अच्छी खबर हो सकती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या 34.44 करोड़ नागरिकों से घटकर 7.52 करोड़ नागरिक रह गई है। भारत में लगभग 27 करोड़ नागरिकों को अत्यधिक गरीबी से ऊपर ले आया जा सका है। विश्व बैंक की उक्त रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2011-12 में भारत की कुल जनसंख्या का 27.1 प्रतिशत नागरिक अत्यधिक गरीबी में जीवन यापन करने को मजबूर था परंतु वर्ष 2022-23 आते आते यह संख्या घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि, इस बीच भारत की जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है। यह भारत में तेज गति से विकसित किए गए रोजगार के अवसरों के चलते सम्भव हो सका है। इस संदर्भ में विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं के लाभ को देश की अधिकतम जनसंख्या तक पहुंचाने के कारण भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में अपार सफलता हासिल की जा सकी है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (टढक) वर्ष 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 15.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। आगे आने वर्षों में भी यदि इसी प्रकार के आर्थिक विकास दर भारत में लागू रहती है तो बहुत सम्भव है कि कुछ ही वर्षों के उपरांत संभवतः भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाला एक भी नागरिक शेष नहीं रहेगा।

विश्व बैंक की उक्त रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में लगभग एक जैसी सफलता मिली है। इसी का परिणाम है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी दर आज 18.4 फीसदी से घटकर 2.8 प्रतिशत रह गई है। इसी तरह से शहरी क्षेत्रों में भी अत्यधिक गरीबी दर जो 10.7 फीसदी के करीब थी, वह घटकर सिर्फ 1.1 पर आ गई है। इसी तरह का एक व्यापक अंतर ग्रामीण-शहरी जीवन के आर्थिरक व्वहार में भी दूर हुआ है, यह अंतर 7.7 फीसदी से घटकर सिर्फ 1.7 प्रतिशत पर आ पहुंचा है। विशेष रूप से महिलाओं के बीच रोजगार के अवसरों में अतुलनीय वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। ग्रामीण इलाकों में कृषि के क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार के अवसरों में वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शहरी क्षेत्रों के बेरोजगारी की दर 6.6 प्रतिशत तक नीचे आ गई है, जो वर्ष 2017-18 के बाद से सबसे कम है।

भारत में गरीबी दूर करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों ने मिलकर काम किया है। इस सम्बंध में विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गईं हैं। इन महत्वपूर्ण एवं विशेष योजनाओं में शामिल हैं - प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आयुषमान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना, जैसी अनेक योजनाओं ने देश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों को बहुत अधिक लाभ पहुंचाया है, जिससे इन्हें गरीबी रेखा के ऊपर लाया जा सका है। इसी प्रकार, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, डिजिटल क्रांति, मेक इन इंडिया, जन औषद्धि केंद्र, विभिन्न फसल की एमएसपी पर खरीदी एवं इसके माध्यम से किसानों को आय की गारंटी देना, मखाना बोर्ड का गठन, जनजातियों का सशक्तिकरण - ग्राम समृद्धि, दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन चलाना, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, ग्रामीण विद्युत आपूर्ति, किसानों को किफायती दरों पर यूरिया उपलब्ध कराना, भारत को पंख (उड़ान 2 की उड़ान और तेज हुई), विमानन के क्षेत्र में नए युग का प्रारम्भ, आदि क्षेत्रों में लागू की गई उक्त वर्णित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जो अतुलनीय कार्य किए गए हैं ।

# आओ बच्चे को मजदूर नहीं शिक्षित बनाएं

- किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक रूप से यह देखा गया है कि अनेक कमर्शियल संस्थानों,औद्योगिक संस्थानों, दवा उद्योग,खेत खलियानों गृहउद्योग,इत्यादि अनेक व्यवसायिक क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चों से श्रम करवाया जाता है,क्योंकि उन क्षेत्रों में कामों के लिए यह छोटे-छोटे बच्चे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और अपेक्षाकृत रोजी या मजदूरी भी इनकी कम होती है, और डेली वेजेस के रूप में रखकर आसानी से अपना काम करवा लेते हैं। दूसरी तरफ हम अनेक चौराहों, बाजारों, हाट बाजारों, में हमने छोटे-छोटे बच्चों को अकेले या अपने मातापिता के साथ खिलौने, खाद्य पदार्थों इत्यादि बेचने को देखते रहते हैं।अनेक बड़ी या छोटी सिटीओ में तो ट्रैफिक सिग्नल चौराहों स्टेशनों, बूथों पर अक्सर यह छोटे बच्चे भीख मांगते,सामान बेचते,हमें दिखते रहते हैं। यह नजारा हर छोटी बड़ी सिटी के चौराहों पर आसानी से देखने को मिलता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र बाल श्रम उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करते हुए कहा कि 2025 तक इस प्रथा को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई कीआवश्यकता है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 12 जून 2025 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025-बच्चों को मजदूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है।

साथियों बात अगर हम 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लक्ष्य की करें तो,विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, जिसे हर साल 12 जून को मनाया जाता है,अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) द्वारा बाल शोषण के गंभीर मुद्दे को उजागर करने और इसे मिटाने के प्रयासों को संगठित करनेके लिए शुरू की गई एक वैश्विक पहल है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2025 और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह आइएलओ और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए बाल श्रम पर नए वैश्विक अनुमानों और रुझानों के जारी होने के साथ मेल खाता है।यह महत्वपूर्ण डेटा वैश्विक नीतिगत बहसों का मार्गदर्शन करेगा और सतत विकास लक्ष्य लक्ष्य 8.7 को प्राप्त करनेकी दिशामें प्रयासों को फिर से सक्रिय करेगा।2025 तक सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने का एक लक्ष्य रखा गया है।संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, सभी देशों को 2025 तक बाल श्रम को समाप्त करने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 8.7 में शामिल है, जो सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करने का आह्वान करता है।कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशनबाल अधिकारों पर लगातार काम कर रहा है फांडेशन की ओर से बाल मजदूरी पर एक जानकारी दी गई है, इसमें बाल मजदूरी से संबंधित कई जानकारी दी गई है,जनगणना 2011 के डेटा के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ (10.1 मिलियन) है, इसमें से 0.560 करोड़ (5.6 मिलियन) लड़के और 0.45 करोड़ (4.5 मिलियन) लड़कियां हैं,वहीं हाल के वैश्विक अनुमान के अनुसार 2020 की शुरूआत में वैश्विक स्तरपर 16 करोड़ (160 मिलियन) बच्चे- 6.300 करोड़ (63 मिलियन) लड़कियां और 9.700 करोड़ (97 मिलियन) लड़के - बाल श्रम में थे, जो दुनिया भर में सभी बच्चों में से लगभग 10 में से 1 है,भारत भर में बाल मजदूर कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों जैसे ईंट भट्टों, कालीन बुनाई, परिधान निर्माण, घरेलू सेवा, खाद्य भोजनालयों, गन्ना खेतों, मत्स्य पालन और खनन में पाए जा सकते हैं. बच्चों को यौन शोषण और बाल पोर्नोग्राफी के उत्पादन सहित कई अन्य प्रकार के शोषण का भी खतरा है।

साथियों बात अगर हम भारत में बाल श्रम को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों की करें तो, भारत में बाल श्रम उन्मूलन के लिए, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986,शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) जैसी नीतियां और योजनाएं शुरू की गई हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 ने बाल श्रम के खिलाफ कानूनी ढांचे को मजबूत किया है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए की गई प्रमुख पहलें:बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986:यह अधिनियम 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी व्यवसाय में काम करने से रोकता है, और 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों में काम करने से रोकता है,शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009:यह सभी बच्चों को 6 से 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान करता है, जो बाल श्रम को कम करने में मदद करता है।राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी):यह परियोजना बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को गैर-औपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मध्याह्न भोजन, वजीफा और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करती है, और उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में शामिल करती है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016:इस संशोधन के तहत, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सभी व्यवसायों में काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसमें पारिवारिक उद्यमों में काम करना भी शामिल है,,बालश्रम से संबंधित मामलों पर राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन प्राधिकरण (एनसीएलए) का गठनःयह प्राधिकरण बाल श्रम को खत्म करने में मदद करता है, और बाल श्रम से संबंधित मामलों पर कानूनी कार्रवाई करता है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत में भी अनेक बाल श्रमिक हैं। और बाल श्रमिकों की तेजी से संख्या भी बढ़ रही है हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग,बाल संरक्षण विभाग,पोलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना जरूरी। देखा जाए तो बाल श्रमिक निम्नलिखित रुप से काम करते हैं?बाल मजदूर - वे बच्चे जो कारखानों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों, खानों और घरेलू श्रम जैसे सेवा क्षेत्र में मजदूरी या बिना मजदूरी में काम कर रहे हैं। गली - मोहल्ले के बच्चे - कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले।बंधुआ बच्चे - वे बच्चे जिन्हें या तो उनके माता-पिता ने पैसों की खातिर गिरवी रखा है या जो कर्ज को चुकाने के चलने मजबूरन काम कर रहे हैं।वर्किंग चिल्ड्रन - वे बच्चे जो कृषि में और घर-गृहस्थी के काम में पारिवारिक श्रम का हिस्सा हैं।यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए गए बच्चे - हजारों बालिक बच्चे और नाबालिक लड़कियां यौन शोषण की जद में हैं।घरेलू गतिविधियों में लगे बच्चे - घरेलू सहायता के रूप में काम। इसमें लड़कियों का शोषण सबसे ज्यादा है - बच्चे छोटे भाई-बहनों की देखभाल, खाना पकाने, साफ-सफाई और ऐसी अन्य घरेलू गतिविधियों में लगे हुए हैं।

## अध्यात्म विज्ञान से भी जुड़ा है

- संजय गोस्वामी

विज्ञान और अध्यात्म अलग-अलग होते हुए भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। विज्ञान दुनिया को समझने और नियंत्रित करने पर केंद्रित है, जबकि अध्यात्म आंतरिक चेतना और आत्म-साक्षात्कार पर आधारित है लेकिन विज्ञान से भी जुड़ा है । दोनों ही जीवन, अस्तित्व, ब्रह्मांड, और वास्तविकता के बारे में सत्य की खोज करते हैं एक बार हनुमान जी ने एक बार सूर्य को निगल लिया था। हनुमान जी को सूर्य एक बड़ा, रसीला और मीठा फल लगा और उन्होंने उसे निगल लिया। इससे पूरा संसार अंधकारमय हो गया। सूर्यदेव ने हनुमान जी को समझाया कि वह सूर्य हैं, न कि कोई फल। सूर्य ने हनुमान को समझने की कोशिश की सूर्य देव, हनुमान के कार्यों से भयभीत हो गए और उन्हें सचेत किया कि वह सूर्य हैं। हनुमान ने अपनी गलती का एहसास करते हुए सूर्य से क्षमा मांगी और उन्हें रिहा कर दिया।जिसमें एक बात हैरान करने वाला था लेकिन सत्य है,वाल्मीकि की रामायण, किष्किन्धाकांड में वर्णित हनुमान के बचपन के वृत्तांत से हनुमान जी ने सूर्य को कैसे निगल लिया था, जबकि सूर्य पृथ्वी से लगभग 130 गुना बड़ा है?हनुमान जी के सूर्य को निगलने की कथा को पौराणिक दृष्टिकोण से समझा जाता है, न कि भौतिक विज्ञान के नियमों से। यह कथा वाल्मीकि रामायण और अन्य पुराणों में वर्णित है, जिसमें हनुमान जी की बाल्यकाल की अद्भुत शक्तियों का वर्णन किया गया है।कथा का संक्षिप्त विवरण जब हनुमान जी छोटे थे, तो उन्हें बहु तेज भूख लगी।रूपांतरित में यह कहा गया है सूर्य ने देखा कि बालक बहु तेज गति से उसकी ओर उड़ रहा है। सूर्यदेव ने सोचा, वह छोटा सा बालक पागल बैल की तरह मुझ पर आक्रमण कर रहा है। वायुदेव को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि उसके मित्र सूर्यदेव एक छोटे से बालक को देखकर घबरा गए। हनुमानजी अब और अधिक तेज गति से आगे बढ़ने लगे। सूर्यदेव, सूर्यदेव, घबरा गए। बचाओ, बचाओ, वे चिल्लाए। कुछ ही समय में, देवताओं के राजा इंद्र, अपने हाथी पर सवार होकर प्रकट हुए। यह कोई साधारण हाथी नहीं था। ऐरावत सफेद रंग का था, और उसके चार दाँत थे। छोटे हनुमान को इंद्र का हाथी खिलौना लग रहा था। वे भूल गए कि उन्हें भूख लगी है, और हाथी के पीछे चले गए। चले जाओ, दुष्ट, चले जाओ, इंद्र ने चिल्लाया। इंद्र की चेतावनी को अनदेखा करते हुए, हनुमान आगे बढ़े और हाथी की सूंड पकड़ ली। इंद्र ने अपने शक्तिशाली हथियार, वज्र से हनुमान को दूर धकेल दिया। हनुमान के चेहरे पर वार हुआ था। वे कराह उठे और उनका चेहरा फूलने लगा। वायुदेव को गिरते हुए बच्चे को देखकर घबराहट हुई। वह उसे अपनी बाहों में लेने के लिए तेजी से आगे बढ़ा। उसे उठाकर वायुदेव तेजी से एक गुफा के अंदर चले गए।जिस क्षण वायुदेव ने खुद को गुफा में बंद किया, हवा बहना बंद हो गई। मनुष्य और जानवर सांस लेने के लिए तरस गए। इंद्र चिंतित हो गए, क्योंकि उन्हें पता था कि जीवित प्राणी हवा के बिना लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते। इंद्र वायुदेव के पीछे भागे। सूर्यदेव इंद्रदेव के पीछे भागे। अन्य देवता सूर्यदेव के पीछे भागे। इंद्रदेव के नेतृत्व में सभी देवता गुफा के बाहर एकत्र हुए और वायुदेव से बाहर आने का आग्रह किया।तुम्हारा बेटा बहुत बढ़िया है, वायुदेव, इंद्र ने कहा, क्या लड़का है! क्या ताकत है! और वह निडर भी है, सूर्यदेव ने कहा। जब वह बड़ा होगा, तो हनुमान महान कार्य करेगा, इंद्र ने कहा। मैं हनुमान को असाधारण शक्ति का वरदान देता हूं, सूर्यदेव ने कहा।मैं उसे ज्ञान और बुद्धि प्रदान करता हूं, इंद्रदेव ने घोषणा की।

## आज का राशिफल

- **मेष** (Aries) – कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता सबका ध्यान आकर्षित करेगी।
- **तुला** (Libra) – किसी पुराने संपर्क के माध्यम से नौकरी या व्यापार में अच्छा अवसर मिल सकता है।
- **वृषभ** (Taurus) – आज दिन शुभ है और आप कारोबार में रणनीतिक बदलाव की योजना बना सकते हैं।
- **वृश्चिक** (Scorpio) – आज लाभ का दिन है। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली सबको प्रभावित करेगी।
- **मिथुन** (Gemini) – आपकी चतुराई और संवाद कला से कठिन परिस्थितियां भी सुलझ सकती हैं।
- **धनु** – आज दिन शुभ है। आपकी ऊर्जा और जोश से कार्यस्थल का वातावरण भी प्रेरित होगा।
- **कर्क** (Cancer) – आज लाभ के योग हैं। ऑफिस में आपका आचरण और निर्णय दोनों ही प्रभावी सिद्ध होंगे।
- **मकर** – परिश्रम का परिणाम मिलेगा। जिम्मेदारी के साथ प्रमोशन के संकेत भी मिलेंगे।
- **सिंह** (Leo) – आज भाग्य साथ देगा और आपका आत्मविश्वास काफी ऊंचा रहेगा।
- **कुंभ** (Aquarius) – आज दिन रणनीति बनाने और बड़े फैसले लेने का है। कार्यस्थल पर बदलाव की संभावना है।
- **कन्या** (Virgo) – नए बदलाव की शुरुआत हो सकती है, चाहे वह स्थान परिवर्तन हो या नई जिम्मेदारी।
- **मीन** (Pisces) – धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण से कठिन कार्यों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर पाएंगे।

## विशेष

### थरूर को मंत्री बनाने तैयार है भाजपा

दिल्ली दरबार में चर्चा है।शशि थरुर को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया जा सकता है।उन्हें विदेश मंत्री बनाया जाएगा। शशि थरूर कह रहे हैं, उन्हें 19 जून को राज्यसभा की जिन आठ सीटों पर चुनाव होना है। उस चुनाव में राज्यसभा का सांसद निर्वाचित कराया जाए। भाजपा अगले साल अप्रैल में उन्हें राज्यसभा में भेजना चाहती है। थरूर मंत्री बन जाएंगे,तो 6 माह के अंदर उन्हें चुनाव लड़कर संसद में पहुंचना होगा।यह रिस्क लेने के लिए शशि थरूर तैयार नहीं है। इसी पर बात अटकी हुई है। भाजपा 19 जून को होने वाले राज्यसभा के चुनाव में मात्र दो सीटों पर ही अपने सदस्य जिता सकती है। भाजपा ने दो सीटों के लिए पहले से ही नाम तय कर रखे हैं। थरूर को समझ नहीं आ रहा,वह करें तो क्या करें। 2 पाटों के बीच में फंसे हुए हैं।

### जम्मो जेट मंत्रिमंडल का गठन करेंगे मोदी

केंद्रीय मंत्रिमंडल में अभी 77 सदस्य हैं। नियमों के अनुसार 81 मंत्री बनाए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बार 80 मंत्री बना सकते हैं।एक मन्त्री पद इमरजेंसी के लिए छोड़कर रखना चाहते हैं। नए मंत्रियों को बनाने के लिए भाजपा के कुछ मंत्रियों का बेरोजगार होना तय है। सहयोगी पार्टी के मंत्रियों को नहीं हटाया जा सकता है।निश्चित रूप से भाजपा कोटे के मंत्रियों को हटाना पड़ेगा। बिहार से एक मंत्री बनना तय है। शशि थरूर का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1675 फ्रांस और पोलैंड के बीच गठबंधन हुआ. 1981 दक्षिण पूर्वी ईरान में भूकम्प से डेढ हजार से अधिक लोगों की मौते हुई. 1983 भारतीय उद्योग के वयोवृद्ध नेता जी.डी.बिरला का निधन. 1983 डॉ. फारुख अब्दुला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने. 1984 जार्डन के शाह हुसैन ने पश्चिम एशिया में शांति के लिए अमरीकी भूमिका को अर्थहीन करार दिया. 1991 ईरान ने आरोप लगाया कि इराक दक्षिणी दल-दल में फंसे शिया मुसलमानों का सफाया करने के लिए सैनिक भेज रहा है. 1992 पनामा यात्रा के दौरान भड़की हिंसा से अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश को भागना पड़ा. 1993 उत्तर कोरिया ने परमाणु अप्रसार संधि से हटने का फैसला बदल दिया. 2000 पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ट नेता राजेश पायलट की दौसा के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु.

## दैनिक पंचांग

**12 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.30 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 07.43 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.00 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.11 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.22 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.37 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.58 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.44 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | मीन | 00.17 बजे से |
| | | मेष | 01.48 बजे से |
| | | वृष | 03.28 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 163 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा 14.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 21.57 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 14.05 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 14.28 बजे तदनन्तर तैतिल 02.57 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 09'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872373
**जूलियन दिन** 2460838.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



## रोमांचक करियर चुनना चाहते हैं, तो चुने फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट का क्षेत्र

**गर्मियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, मानवीय भूलों से भी ऐसी घटनाएं बड़े हादसे के रूप में सामने आती हैं। ऐसी घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने और राहत पहुंचाने में फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट के एक्सपर्ट काफी मददगार होते हैं। अगर आप सोशल सर्विस से जुड़े किसी रोमांचक करियर को चुनना चाहते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतर हो सकता है।**

फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट में ट्रेंड मैनपावर की मांग न सिर्फ सरकारी विभागों में, बल्कि निजी क्षेत्र में भी बढ़ रही है। गर्मियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, मानवीय भूलों से भी ऐसी घटनाएं बड़े हादसे के रूप में सामने आती हैं। ऐसी घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने और राहत पहुंचाने में फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट के एक्सपर्ट काफी मददगार होते हैं। अगर आप सोशल सर्विस से जुड़े किसी रोमांचक करियर को चुनना चाहते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतर हो सकता है। फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट में ट्रेंड मैनपावर की मांग न सिर्फ सरकारी विभागों में, बल्कि निजी क्षेत्र में भी बढ़ रही है।

### जरूरत मैनपावर की

देश भर में फायर सर्विसेज में मैनपावर की करीब 92 प्रतिशत कमी है। नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स एंड सिविल डिफेंस (एनडीआरएफ एंड सीडी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा करीब 96.28 प्रतिशत फायरमैन की शॉर्टेज है। शहरों की फायर सर्विसेज में भी करीब 78 प्रतिशत मैनपावर की कमी है। फायर स्टेशंस की भी कमी करीब 72 प्रतिशत तक है। खुद केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, देश में आबादी के लिहाज से करीब 8,500 फायर स्टेशंस चाहिए, जबकि इनकी संख्या अभी सिर्फ 2,900 के आसपास है। यही कारण है कि आने वाले वर्षों में सिर्फ प्राइवेट ही नहीं, सरकारी फायर विभागों में भी जॉब के ढेर सारे अवसर पैदा होंगे।

### जॉब के अवसर

फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट के जानकारों की जरूरत सिर्फ देश में ही नहीं, विदेश में भी बहुत है, खास तौर पर तेल उत्पादक खाड़ी देशों में। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के डॉ अमन अग्रवाल के अनुसार, फायर एंड सेफ्टी के प्रोफेशनल्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनीज, हैवी इंजीनियरिंग इंडस्ट्री, रिफाइनरीज, पेट्रोकेमिकल्स कंपनीज, प्लास्टिक कंपनीज, फर्टिलाइजर फैक्टरीज, टेक्सटाइल मिल्स, एलपीजी/ एलएनजी बॉटलिंग प्लांट्स, एयरपोर्ट्स, पोर्ट्स, पावर प्लांट्स, केमिकल कंपनीज, कंस्ट्रक्शन सेक्टर जैसे क्षेत्रों में जॉब पा सकते हैं। ट्रेंड युवा सेफ्टी इंजीनियर, सेफ्टी ऑफिसर, सेफ्टी सुपरवाइजर, सेफ्टी इंस्पेक्टर, सेफ्टी ऑडिटर, फायर प्रोटेक्शन डिजाइन इंजीनियर, फायर प्रोटेक्शन एस्टीमेशन इंजीनियर, फायर अलार्म टेक्निशियन जैसे पदों पर करियर बना सकते हैं। फायर स्टेशंस में आप फायरमैन, स्टेशन ऑफिसर या चीफ फायर ऑफिसर आदि बन सकते हैं।

### कोर्स व क्वॉलिफिकेशन

दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेड एस लाकरा के अनुसार, देश के कई संस्थानों में फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट से जुड़े डिग्री, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्सेज संचालित हो रहे हैं। 10वीं पास युवा सर्टिफिकेट कोर्स के जरिए इस फील्ड में प्रवेश कर सकते हैं। अगर आप किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास हैं, तो अंडरग्रेजुएट या डिप्लोमा कोर्स करके फायर ऑफिसर बन सकते हैं। आजकल तमाम संस्थान फायर इंजीनियरिंग में भी कोर्स ऑफर कर रहे हैं।

### खुद का व्यवसाय भी

फायर सर्विस, दिल्ली के डायरेक्टर डॉ जीसी मिश्रा बताते हैं, अभी तक लोग सिर्फ नागपुर फायर सेफ्टी इंस्टीट्यूट से ही पढ़ाई करके इस फील्ड में आते रहे हैं मगर अब अन्य स्थानों पर भी प्रशिक्षण की सुविधा है। चुनौतियों को पसंद करने वाले युवा फायर सर्विसेज से जुड़ सकते हैं। सरकारी व निजी दोनों क्षेत्रों में अवसर हैं। बिल्डिंग फायर मटेरियल इंस्टॉलेशन, फायर सेफ्टी ऑडिटर के रूप में खुद का व्यवसाय भी कर सकते हैं।



## एडवेंचर से भरी लाइफ जीना चाहते हैं तो भारतीय नौसेना में भर्ती हों

**नौसेना भारतीय सशस्त्र बलों की समुद्री शाखा है, जो समुद्र की सुरक्षा पर केंद्रित है। अगर आप एक एडवेंचर से भरी लाइफ जीना चाहते हैं और देश की सेवा करना चाहते हैं, तो भारतीय नौसेना में भर्ती हो जाइए। इस आर्टिकल में हमने नौसेना में भर्ती होने के कई विकल्पों के बारे में जानकारी दी है।**

भारतीय नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करती है। इसके साथ ही यह अन्य देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाने का भी काम करती है। यह एक सुरक्षित समुद्री वातावरण बनाने के लिए शिक्षा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, चिकित्सा जैसे कई डोमेन में कैरियर के विभिन्न अवसर प्रदान करती है। यदि आप भी नौसेना में नौकरी पाना चाहते हैं, तो आपके पास बहुत सारे अवसर हैं। आप अपनी शिक्षा और इंटरेस्ट के हिसाब से इनमें से एक चुन सकते हैं। इस आर्टिकल में, हम आपको कुछ ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं।

### भारतीय नौसेना अग्निवीर

अग्निवीर के रूप में आप एक हाई-टेक ऑर्गेनाइजेशन का हिस्सा बनेंगे। आपको एयरक्राफ्ट कैरियर, गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट्स और अत्यधिक तकनीकी और आकर्षक पनडुब्बियों और विमानों जैसे शक्तिशाली, आधुनिक जहाजों में सेवा करने को मिलेगा। अग्निवीर उम्मीदवारों की आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए। नौसेना में अग्निवीर बनने के लिए आपको गणित और फिजिक्स के साथ 12वीं में कम से कम 50% मार्क्स के साथ पास होना चाहिए। इसके लिए 12वीं का एग्जाम दे रहे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे।

### नेशनल डिफेंस एकेडमी परीक्षा

इस भर्ती को UPSC के साथ मिलकर आयोजित किया जाता है। उम्मीदवारों की आयु 16.5 से 19.5 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवारों ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं की शिक्षा पूरी की हो। इसमें UPSC द्वारा एक लिखित परीक्षा का आयोजन होता है। उसमें पास होने वाले छात्र आगे इंटरव्यू के लिए जाते हैं। इसके बाद भारतीय नौसेना द्वारा एक मेडिकल परीक्षण करने के बाद UPSC एक अंतिम मेरिट लिस्ट बनाती है। NDA नौसेना के लिए IHQ MoD (सेना)/ADG (भर्ती) नियुक्ति करती है और नौसेना अकादमी के लिए IHQ MoD/DMPR द्वारा नियुक्ति की जाती है।

### कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन

कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन (CDS) परीक्षा भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों की भर्ती के लिए यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की रक्षा प्रवेश परीक्षा है। इसमें अप्लाई करने के लिए आपकी उम्र 20-24 साल होनी चाहिए। उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए। CDS में एक लिखित परीक्षा होती है जिसका आयोजन UPSC करता है। उसके बाद स्स्क्रइंटरव्यू होता है। भारतीय नौसेना (केवल नौसेना उम्मीदवारों के लिए) द्वारा मेडिकल परीक्षण किया जाता है। इसके बाद CDS एक अंतिम मेरिट लिस्ट बनाती है और सिलेक्ट हुए उम्मीदवारों को नौसेना में शामिल किया जाता है।

### NCC एंट्री

CDSE विज्ञापन के साथ ही नेवल विंग सीनियर डिवीजन में NCC 'C' सर्टिफिकेट धारकों के लिए जॉब्स निकलती हैं। NCC सर्टिफिकेट के साथ उम्मीदवारों के पास बी.ई./बी.टेक की डिग्री होनी चाहिए। इसके लिए कोई लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है। पात्र उम्मीदवारों को अपना आवेदन डीजीएनसीसी के माध्यम से सीधे IHQ MoD (N)/DMPR को भेजना होता है। इसके बाद उम्मीदवारों को इंटरव्यू पास करना होता है। स्स्क्रमें सफल हुए उम्मीदवार मेडिकल टेस्ट देते हैं। फिट पाए जाने पर ऑल इंडिया मेरिट के आधार पर भारतीय नौसेना में शामिल होते हैं।
अंडरग्रेजुएट लेवल एंट्री के लिए परमानेंट कमीशन, डायरेक्ट एंट्री, 10+2 (बी.टेक)
अंडरग्रेजुएट लेवल एंट्री के लिए परमानेंट कमीशन, डायरेक्ट एंट्री, 10+2 (बी.टेक)
इसमें PCM में 70% मार्क्स के साथ 12वीं पास करने वाले छात्र अप्लाई कर सकते हैं। इसके साथ ही 10वीं या 12वीं कक्षा में उनके अंग्रेजी में 50% मार्क्स आए हों। 10+2 (बी.टेक) में प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए जेईई (मेन्स) की रैंक भी अनिवार्य है। उम्मीदवारों को ऑल इंडिया रैंक के आधार पर स्स्क्रके लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। स्स्क्र के बाद योग्य उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है। लिस्ट में उनके नंबर के आधार पर योग्यता के क्रम में उम्मीदवारों को नियुक्त किया जाता है।

### इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट /नॉर्मलाइजेशन

इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट (INET) IHQ MoD (नौसेना )/DMPR के अंतर्गत होने वाली एक ऑफिसर एंट्री है। यह परमानेंट कमिशन और शॉर्ट सर्विस कमीशन दोनों के लिए होती है। INET का आयोजन एक वर्ष में दो बार होता है। INET (ऑफिसर) एक कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा है। इसमें चार खंड होते हैं और उम्मीदवार को सभी चार खंडों में मिनिमम 40% अंक लाने होते हैं। INET रैंक कम प्रेफरेंस के आधार पर उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाता है। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार इंटरव्यू में भाग लेते हैं। INET (50% वेटेज) और SSB (50% वेटेज) दोनों के मार्क्स के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाती है और वे नौसेना में शामिल होते हैं।





## असफलता के बाद इस तरह बना सकते हैं राहें आसान

**इन दिनों नकारात्मक वजहों से बनने वाली ये सुर्खियां विद्यार्थियों से लेकर अभिभावकों और शिक्षकों हर किसी को गंभीर चिंतन के लिए विवश कर रही हैं। विद्यार्थी जिस तरह पढ़ाई और परिणाम में बेहतर प्रदर्शन न कर पाने के कारण आत्महत्या कर रहे हैं, वह हर किसी को मर्माहत करने वाला है। इस तरह की घटनाओं के पीछे कई सवाल हैं, जिनका समाधान खोजना बेहद जरूरी लगता है। आखिर क्या कारण है कि इंजीनियर या डॉक्टर बनने की तैयारी में लगे ये विद्यार्थी अचानक आत्मघाती कदम उठा बैठते हैं? क्यों वे असमय ही अपने सुनहरे सपनों का गला घोंट देते हैं?**

### सपने पूरे करने का दबाव

ऐसी घटनाओं के पीछे जो सबसे बड़ा कारण नजर आता है, वह है माता-पिता की अपनी संतान से अव्यवहारिक अपेक्षाएं। दरअसल, बच्चे के बड़े होने के साथ-साथ पैरेंट्स के सपने भी पलने और बड़े होने लगते हैं। कई बार माता-पिता के अपने सपने अधूरे होते हैं, जिन्हें वे अपनी संतान के जरिए पूरा करने की कोशिश करते हैं। इसके अलावा, वे अपने मित्रों, रिश्तेदारों, पास-पड़ोस, शहर या गांव के सफल लोगों से भी प्रभावित होकर अपनी संतान को उनके जैसा बनाना चाहते हैं। विद्यार्थियों का इंजीनियरिंग या मेडिकल की पढ़ाई की ओर भागना भी इसी बात का सूचक है। ज्यादातर माता-पिता को यही लगता है कि इंजीनियर या डॉक्टर बनकर ही उनका बच्चा सफल करियर की ओर कदम बढ़ा सकता है। इस सपने को पूरा करने के लिए वे अपने बच्चे की रुचि/ पसंद को अनदेखा कर देते हैं और उस पर दबाव डालते हैं कि वह उनकी पसंद के अनुसार ही करियर की राह पर चले।इससे विद्यार्थियों पर दबाव बढ़ जाता है।

### उत्साह में कमी तो नहीं

हो सकता है कि आप इंजीनियरिंग या मेडिकल के लिए बिल्कुल फिट हों और उसमें आपका मन भी लग रहा हो लेकिन अगर ऐसा नहीं है, तो आप अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर आपने अपनी इच्छानुसार भी कोई फील्ड चुन ली है और उसमें एडमिशन ले लिया है मगर आप खुद को अनमना महसूस कर रहे हैं, किसी काम को ठीक से नहीं कर पा रहे हैं या अपने में उत्साह की कमी पा रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आप जिस राह पर चल रहे हैं, उसमें आपको कोई परेशानी है। ऐसे में आपको बेहिचक अपने माता-पिता से बात कर लेनी चाहिए।

### खुली हैं तरक्की की राहें

आज के समय में सिर्फ इंजीनियर या डॉक्टर बनना ही कामयाबी नहीं है। अब दर्जनों ऐसे क्षेत्र सामने आ गए हैं, जिनमें पहचान, पैसा और प्रसिद्धि पाई जा सकती है। यह बात विद्यार्थियों को समझनी भी होगी और अपने अभिभावकों को समझानी भी होगी। विद्यार्थी अगर अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़े, तो ही उसका भविष्य सुखद बन सकता है।

### पैरेंट्स को करें राजी

आपमें से बहुत-से विद्यार्थियों ने इस साल 12वीं की परीक्षा दी होगी। अगर आप अपनी पसंद को समझते हैं, तो अपनी पसंद से अपने माता-पिता को अवगत कराएं। उन्हें कनविंस करें। हो सकता है कि पैरेंट्स आपको कम समझदार या परिपक्व समझकर आपकी बातों को तवज्जो न दें, लेकिन अगर आपको अच्छी तरह पता है कि आप किस फील्ड में जोरदार प्रदर्शन कर सकेंगे, तो इस बारे में डांट या नाराजगी की परवाह किए बिना पैरेंट्स के सामने अपनी बात रखने का प्रयास करें।



## पीजीडीएम इन फाइनेंस क्यों है आपके लिए सही विकल्प?

प्रबंधन और कंसल्टेंसी के पारंपरिक फील्ड्स से बाहर निकलने की इच्छा रखने वाले कई छात्रों के लिए पीजीडीएम या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (फाइनेंस) एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है। दुनियां दिन प्रतिदिन तरक्की कर रही है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं आपस में ज्यादा जुड़ती जा रही हैं। इसलिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित वित्तीय सलाहकारों और प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में फाइनेंस क्षेत्र एक फायदेमंद और गतिशील कैरियर हो सकता है।

**अगर आपकी रुचि वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय विश्लेषण या वित्त से जुड़े अन्य फील्ड में है तो आपके लिए पीजीडीएम इन फाइनेंस बेहतर विकल्प हो सकता है। पीजीडीएम कोर्स को फाइनेंस सेक्टर की तमाम फील्ड के हिसाब से तैयार किया गया है।**

### कई क्षेत्रों में मौके

पीजीडीएम इन फाइनेंस न केवल वित्तीय मुद्दों से निपटने का स्किल देता है, बल्कि छात्रों को विभिन्न इंडस्ट्री के मुद्दों को समझने के लिए जरूरी ज्ञान भी देता है। ऐसे में आपके लिए फाइनेंस पीजीडीएम उपयोगी साबित हो सकता है।

### नेटवर्किंग और वैश्विक अवसर

पीजीडीएम इन फाइनेंस छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर उद्योग के पेशेवरों, अन्य पीजीडीएम फाइनेंस छात्रों, गुरुओं और प्रोफेसरों के साथ सीखने और बातचीत करने का अवसर देता है। विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों, अतिथि व्याख्यानों, कार्यशालाओं और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से, पीजीडीएम इन फाइनेंस छात्रों को नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करता है। साथ ही पीजीडीएम इन फाइनेंस ग्लोबल स्तर पर भी नौकरी के कई मौके प्रदान करता है।

### इंडस्ट्री के अनुसार

पीजीडीएम इन फाइनेंस कार्यक्रम इंडस्ट्री के तौर-तरीकों के अनुसार बनाया गया है। इससे छात्रों को उद्योग के विशेषज्ञों और प्रोफेशनल्स के साथ बातचीत करने का अनूठा अवसर मिलता है, साथ ही उन्हें उद्योग से जुड़ा अत्याधुनिक और नवीनतम ज्ञान भी मिलता है। नवीनतम रुझानों और विकासों का अध्ययन करने से छात्रों को अपने करिया की शुरुआत में ही बढ़त मिलती है। पीजीडीएम इन फाइनेंस उन लोगों के लिए आदर्श है जो पहले से ही वित्तीय क्षेत्र में रुचि रखते हैं और जिनमें इस प्रतिस्पर्धी उद्योग के लिए योग्यता है। फाइनेंस पीजीडीएम वित्तीय बाजारों, विश्लेषण और रणनीतियों के एकीकृत पाठ्यक्रम को एक साथ जोड़ता है।

### कैरियर में ग्रोथ

पीजीडीएम इन फाइनेंस आपको स्किल प्रदान करता है और युवा पेशेवरों को अपने कैरियर में आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाता है। वे चाहे कहीं भी अपना डिप्लोमा इस्तेमाल करें, उन्हें आकर्षक कैरियर के रास्ते जरूर मिलेंगे।

### कंक्लूजन

पीजीडीएम इन फाइनेंस अपने छात्रों के लिए प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजारों में सफल होने और वित्तीय ज्ञान और जानकारी से लैस व्यक्तिगत जीवन में भी सफल होने के द्वार खोलता है। वित्तीय सेक्टर में मदद में रुचि रखने वालों को यह कई अन्य मौके भी प्रदान करता है।

## अब 4 नहीं 24 घंटे पहले ही पता चल जाएगा टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा लेकर आ रहा है। अब ट्रेन के रवाना होने से 24 घंटे पहले ही यात्रियों को पता चल जाएगा कि उनका टिकट कंफर्म हुआ है या नहीं। इससे पहले यह जानकारी ट्रेन के डिपार्चर से सिर्फ 4 घंटे पहले ही मिल पाती थी, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत होती थी।
फिलहाल ट्रेन का चार्ट उसके रवाना होने से चार घंटे पहले तैयार होता है। वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को तब पता चलता है कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं। रेलवे अब तैयारी कर रहा है कि जो काम 4 घंटे पहले होता था वह 24 घंटे पहले ही हो जाए। यानी 24 घंटे पहले ही चार्ट बन जाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस नए सिस्टम को लेकर रेलवे की ओर से ट्रायल भी शुरू किया गया है। बीते 6 जून से यह सिस्टम राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में फाइनल ट्रन रूप से स्टार्ट



किया गया है जो अभी एक ट्रेन तक सीमित है। अब तक इसमें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आई है। अगर यह सिस्टम सफल रहा, तो इसे जल्द ही पूरे देश में लागू किया जा सकता है। रेलवे का यह प्लान करोड़ों यात्रियों को बड़ी राहत दे सकता है। चार घंटे के बजाय 24 घंटे पहले चार्ट तैयार होने से उन्हें ट्रेन रवाना होने के आखिरी समय का इंतजार जो नहीं करना होगा और पहले ही टिकट का स्टेटस पता चल सकेगा। यात्रियों के पास टाइम होगा कि अगर टिकट कंफर्म नहीं हो पाया है तो वे किसी दूसरे ट्रांसपोर्टेशन के बारे में सोच लें।
आपको बता दें 21 मई को वेटिंग टिकट से जुड़ा एक और फैसला भी लिया गया था। इस नियम के बाद अब स्लीपर क्लास के टिकट को सिर्फ दो कैटेगरीज में ही अपग्रेड किया जाएगा। अब तक वेटिंग लिस्ट वाले यात्री का टिकट सीट उपलब्ध ना होने पर बुकिंग की गई कैटेगरी से ऊपर की कैटेगरी में अपग्रेड किया जाता था, लेकिन इस नियम में थोड़ा बदलाव हुआ है। नए नियम के मुताबिक स्लीपर क्लास के टिकट अब फर्स्ट एसी में अपग्रेड नहीं होंगे, भले ही यह बर्थ खाली ही क्यों ना रहे।

## भारत का कोयला आयात अप्रैल में 4.4% घटकर 2.495 करोड़ टन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का कोयला आयात अप्रैल में 4.4 प्रतिशत घटकर 2.495 करोड़ टन रह गया। अप्रैल 2024 में यह 2.610 करोड़ टन रहा था। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2025 के 2.279 करोड़ टन के मुकाबले अप्रैल में कोयले का आयात 9.48 प्रतिशत अधिक रहा। अप्रैल में कुल आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.590 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वर्ष अप्रैल में यह 1.740



करोड़ टन रहा था। कोकिंग कोयले का आयात 54.2 लाख टन रहा, जो अप्रैल 2024 में 49.7 लाख टन रहा था। देश का घरेलू कोयला उत्पादन अप्रैल में 3.6 प्रतिशत बढ़कर 8.157 करोड़ टन हो गया। अप्रैल 2024 में भारत का घरेलू कोयला उत्पादन 7.871 करोड़ टन रहा था। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा, ‘‘ अप्रैल 2025 के दौरान भारत में कुल कोयला उत्पादन 8.157 करोड़ टन (अस्थायी) तक पहुंच गया, जो अप्रैल 2024 के 7.871 करोड़ टन से अधिक है।

**1 लाख 84 हजार 346 करोड़ के खजाने संग**

# 300 वर्ष पहले समुद्र में डूबा था जहाज अब हुई मिलने की पुष्टि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैन जोस, नाम का एक स्पेनिश जहाज 1708 में ब्रिटिश रॉयल नेवी के साथ लड़ाई के दौरान समुद्र की गहराइयों में डूब गया था। माना जाता है कि इस जहाज के मलबे में लगभग 16 बिलियन पाउंड यानी भारतीय रुपयों में करीब 1,84,346 करोड़ रुपये का खजाना छिपा है। अब समुद्र की तलहटी में इसके मिलने की पुष्टि हो गई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।



सैन जोस, नाम का एक स्पेनिश जहाज 1708 में समुद्र की गहराइयों में डूब गया था। यह हादसा ब्रिटिश रॉयल नेवी के साथ लड़ाई के दौरान हुआ था। माना जाता है कि सैन जोस के मलबे में लगभग 16 बिलियन पाउंड यानी भारतीय रुपयों में करीब 1,84,346 करोड़ रुपये का खजाना छिपा है। साल 2015 में कोलंबिया के शोधकर्ताओं ने समुद्र की गहराइयों में खजाने से लदे इस जहाज को खोजने का दावा किया था। हालांकि, यह वही जहाज है इसकी पुष्टि अब जाकर हुई है। हालांकि, जब से इस जहाज का मलबा मिलने की खबरें सामने आई हैं, इस पर लदे खजाने के स्वामित्व को लेकर कानूनी लड़ाई भी शुरू हो गई है।

साल 1708 में स्पेनिश उत्तराधिकार के युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए इस जहाज पर सोना, चांदी और पन्ना पेरू से स्पेन ले जाया जा रहा था। शिक्षाविदों ने लीमा मिंट में 1707 में ढाले गए सिक्कों, चीनी मिट्टी के बर्तनों और 1665 के शिलालेखों वाली तोपों जैसी कलाकृतियों के आधार पर कार्टाजेना के तट से दूर बारू द्वीप के पास सैन जोस के मलबे की पुष्टि की थी। इस खोज के बाद कोलंबिया, स्पेन और पेरू की सरकारों, स्थानीय समुदायों, खनिकों के वंशजों और खजाना खोजने वाली कंपनी ग्लोका मोरा (जो अब सी सर्च आर्मांडा के नाम से जानी जाती है) के बीच स्वामित्व को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। सैन जोस जहां डूबा था उसे जहाजों के डूबने का पवित्र स्थान कहा जाने लगा था। यह जहाज 300 से अधिक वर्षों तक कैरिबियन के पानी में खोया रहा।

2015 में, पानी के नीचे के ड्रोन का उपयोग करने वाले एक अभियान ने समुद्र तल पर मिले मलबे की की तस्वीरों को कैप्चर किया था। अब विशेषज्ञों का मानना है कि यह रहस्य आखिरकार सुलझ गया है। मलबे की तस्वीरों में 1707 में लीमा टकसाल में ढाले गए चांदी के सिक्के, कांग्सी काल (1662-1722) से चीनी चीनी मिट्टी के बरतन और 1665 तक के निशानों के साथ खुदी हुई तोपें दिखी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ये खोजें केवल एक ही जहाज की ओर इशारा करती हैं वह है सैन जोस। मलबे के पहचान की पुष्टि के बाद कई पक्षों के बीच इसके स्वामित्व को लेकर छिड़ा विवाद एक बार फिर से सुलग गया है। हर खजाने पर अपने दावे को मजबूत बता रहा है।

# सात साल की मंदी के बाद एक महीने में 60 प्रतिशत का रिटर्न, अनिल अंबानी की कंपनी के शेयरों में आई तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के नामी बिजनेसमैन अनिल अंबानी की कंपनी के शेयरों में पिछले कुछ दिनों से जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही थी। रिलायंस पावर के साथ-साथ रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में भी उछाल का सिलसिला जारी है। आज भी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। अनिल धीरू भाई अंबानी ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों में उछाल की वजह एक खास डिफेंस डील है।



दरअसल, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की सहायक कंपनी, रिलायंस डिफेंस और जर्मनी की डाइहल डिफेंस ने सेना के लिए वल्केनो 155 मिमी प्रिसिज़न गाइडेड म्यूनिशन सिस्टम की तुरंत आपूर्ति के लिए स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप की है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों ने पिछले एक महीने में 60 फीसदी तक रिटर्न दिया है। 9 मई से कंपनी के शेयरों में लगातार एकतरफा तेजी देखने को मिल रही है। इस अवधि में कई बार रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर 10 फीसदी से ज्यादा उछला है। आज इस स्टॉक ने 420 रुपये का हाई लगाया और 405 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। रिलायंस इन्फ्रा के ट्रेड 2018 के स्तरों के ऊपर कारोबार करने लगे हैं। अक्टूबर 2018 में कंपनी के शेयर 380 रुपये पर थे और अब 7 साल की मंदी देखने को बाद 400 रुपये के ऊपर ट्रेड कर रहे हैं।

10 जून को रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर और डाइहल डिफेंस के बीच इस साझेदारी का एलान हुआ। खास बात है कि यह डील रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। दरअसल, रिलायंस डिफेंस और डाइहल डिफेंस मिलकर, जो वल्केनो 155 मिमी सिस्टम को डेवलप करेगी, वह कोई साधारण हथियार या गोला नहीं होगा बल्कि मॉर्डन लेजर तकनीक और जीपीएस बेस्ड टारगेट का यूज करके सटीक निशाना लगाने में सक्षम है।

**ये भी पढ़ें-**

सरकार ने लिया ऐसा फैसला, स्वदेशी शराब वाले स्टॉक 18त्न तक उछले, विदेशी लिकर से जुड़े शेयर बुरी तरह गिरे रिलायंस डिफेंस डाइहल डिफेंस के साथ इस सैन्य सामग्री को भारत में तैयार करेगा। इसका प्रोडक्शन महाराष्ट्र के रत्नागिरी के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित नई ग्रीनफील्ड में होगा।


# कॉरपोरेट बॉन्ड म्यूचुअल फंड में निवेश दो साल के रिकॉर्ड स्तर पर

**, क्यों बना यह निवेशकों का पसंदीदा फंड**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले महीने कॉरपोरेट बॉन्ड म्यूचुअल फंड में निवेशकों ने रिकॉर्ड पैसा लगाया है। म्यूचुअल फंड की संस्था एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार मई 2025 में कॉरपोरेट बॉन्ड फंड में मार्च 2023 के बाद सबसे अधिक निवेश हुआ है। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने कॉरपोरेट बॉन्ड फंड्स में 11,983 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह मार्च 2023 के बाद सबसे अधिक है। ये फंड मुख्य रूप से एए प्लस या उससे अधिक रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड में निवेश करते हैं। एम्फी के अनुसार कॉरपोरेट बॉन्ड फंड का एसेट अंडर मैनेजमेंटमई में 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया। जनवरी से अब तक इसमें 14.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है।

पिछले कुछ समय में भारतीय रिजर्व बैंक ने सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसका सबसे ताजा फैसला रेपो रेट 0.5 प्रतिशत बढ़ाने और कैश रिजर्व रेशियो 4 प्रतिशत से घटाकर 3त्न करने का है। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त लिक्विडिटी आई है। बैंक भी इस अतिरिक्त लिक्विडिटी को कॉरपोरेट बांड्स में लगा रहे हैं। खुदरा निवेशक भी एफडी की जगह अधिक रिटर्न के लिए कॉरपोरेट बांड का रुख कर रहे हैं।

कॉरपोरेट बॉन्ड फंड में भले ही रिकॉर्ड निवेश हुआ हो, पूरी डेट फंड कैटेगरी में कुल मिलाकर 15,908 करोड़ रुपए का आउटफ्लो हुआ है। लिक्विड फंड में सबसे ज्यादा 40,205 करोड़ रुपए का आउटफ्लो हुआ।




उसके बाद ओवरनाइट फंड से निवेशकों ने 8,120 करोड़ और फ्लोटर फंड से 254 करोड़ रुपये निकाले।

भारत के कॉरपोरेट बॉन्ड मार्केट में विदेशी निवेशकों की भी रुचि हाल में बढ़ी है। मई में कॉरपोरेट बॉन्ड में 20,996 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश हुआ जो एक दशक में सबसे अधिक है। इससे पहले जनवरी 2015 में इनमें 21,660 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

पिछले महीने के रिकॉर्ड निवेश में शापूरजी पैलोनजी की तरफ से 3.35 अरब डॉलर की फंड रेजिंग भी शामिल है। एक माह पहले अप्रैल 2025 में कॉरपोरेट बॉन्ड से निवेशकों ने 8,879 करोड रुपए निकाले थे। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कॉरपोरेट बॉन्ड में 12,382 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश हुआ जो एक साल पहले सिर्फ 4511 करोड़ था।

# रेयर अर्थ मेटल : जिनके दम पर चीन बना भारत की मुश्किलों की वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने छह प्रमुख रेयर अर्थ (दुर्लभ खनिज) मैग्नेट्स के निर्यात पर रोक लगा दी है, जिससे वैश्विक आपूर्ति शृंखला में हलचल मच गई है। चीन के इस कदम से भारत की ऑटो इंडस्ट्री भी संकट में आ गई है। चीन के इस फैसले से भारत की ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि इन खनिजों का उपयोग इलेक्ट्रिक मोटर्स, बैटरियों और अन्य हाई-टेक उपकरणों में होता है।



चीन ने अप्रैल 2025 में 35 रेयर अर्थ मिनरल्स की निर्यात मंजूरी को निलंबित कर दिया था। इसके तहत कंपनियों के नए एक्सपोर्ट लाइसेंस को मंजूरी नहीं दी गई। प्रभावित कंपनियों में कॉण्टिनेंटल और बॉश इंडिया जैसी ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनियां शामिल हैं, जो इन खनिजों को चीन से आयात करती हैं। हालांकि कंपनियों को फिर से आवेदन करने का विकल्प दिया गया है लेकिन प्रक्रिया की अनिश्चितता और देरी से इंडस्ट्री में तनाव बना हुआ है।

गाड़ियों के इलेक्ट्रिक कंपोनेंट्स में इस्तेमाल होने वाले 90 प्रतिशत से अधिक रेयर अर्थ मैग्नेट्स चीन में ही बनते हैं। इन मैग्नेट्स का उपयोग सिर्फ ऑटो सेक्टर तक सीमित नहीं, बल्कि डिफेंस सिस्टम, क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी, विंड टर्बाइन्स और स्मार्टफोन जैसे क्षेत्रों में भी होता है। ऐसे में चीन की ओर से सप्लाई रुकना, ग्लोबल तकनीकी सप्लाई चेन पर भी असर डाल सकता है।

रेयर अर्थ इंडस्ट्री में चीन का दबदबा पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़ा है। एक समय पर अमेरिका जैसे देशों में भी बड़ी खदानें थीं लेकिन पर्यावरणीय और आर्थिक वजहों से इन्हें बंद करना पड़ा। मसलन, अमेरिका की कैलिफोर्निया स्थित माउंटेन पास माइन 2002 में बंद कर दी गई थी, जिससे चीन को वैश्विक लीडर बनने का अवसर मिला।

चीन ने इस क्षेत्र को रणनीतिक रूप से अहम सेक्टर माना और इसमें भारी निवेश किया, जिससे वह न सिर्फ इन खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक बल्कि वैश्विक रिफाइनिंग हब भी बन गया।

इस चुनौती से निपटने के लिए भारत ने भी रेयर अर्थ मिनरल्स के घरेलू भंडार को विकसित करने की दिशा में कदम उठाए हैं। खनन नीतियों और अधिनियमों में बदलाव कर इन खनिजों की खोज और निष्कर्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत वैकल्पिक स्रोतों और घरेलू उत्पादन को लेकर तेजी से काम कर रहा है।

# घर, ऑफिस और गाड़ियों में एसी के लिए नया नियम

**सरकार ने तय की सीमा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में ए.सी. (एयर कंडीशनर) के अत्यधिक इस्तेमाल और तेजी से बढ़ती बिजली खपत को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब घरों, दफ्तरों, दुकानों, मॉल्स, होटलों और गाड़ियों में लगे ए.सी. को 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे और 28 डिग्री सैल्सियस से ऊपर सैट नहीं किया जा सकेगा।

मंत्री ने बताया कि यह पहल बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे देश में गर्मी बढ़ रही है, ए.सी. का अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग बिजली के बिल में इजाफा कर रहा है तथा पावर सिस्टम पर दबाव डाल रहा है। अब यह नियम सभी सैक्टरों में लागू होगा और एक समान तापमान सीमा के जरिए उपभोग को नियंत्रित किया जाएगा। जैसे-जैसे देशभर में तापमान बढ़ रहा है, एयर कंडीशनर (ए.सी.) का इस्तेमाल भी तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही बिजली की खपत में भी बढ़ौतरी हो रही है। सरकार का कहना है कि कई लोग ए.सी. को 16 डिग्री सैल्सियस तक सैट कर देते हैं, जिससे अत्यधिक ऊर्जा खर्च होती है और बिजली का बिल भी सामान्य से कहीं ज्यादा आता है। इसी स्थिति पर काबू पाने के लिए अब सरकार ने ए.सी. के तापमान को लेकर नई सख्त सीमा तय की है। इसके तहत अब कोई भी ए.सी. 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे या 28 डिग्री सैल्सियस से ऊपर सैट नहीं किया जा सकेगा।



# गलत तरीके से बीमा बेचने पर बैंक होंगे निशाने पर, आरबीआई लेने वाला है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा बीमा जैसे उत्पादों की गलत बिक्री को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने




स्पष्ट संकेत दिया कि आरबीआई इस समस्या से निपटने के लिए सख्त दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार कर रहा है।

राव ने कहा, गलत बिक्री की वजह से विशेषकर निम्न आय वर्ग के परिवारों का भरोसा वित्तीय योजनाओं से उठ सकता है, खासकर तब जब उनके लिए उपयुक्त उत्पादों की अनदेखी की जाती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसे हालात में वित्तीय समावेशन की कोशिशों को नुकसान हो सकता है।

आरबीआई पहले भी यह मुद्दा कई बार उठा चुका है कि बैंकों द्वारा ऐसे लोगों को जटिल और गैर-जरूरी उत्पाद बेचे जा रहे हैं जिन्हें उनकी जरूरत ही नहीं होती- जैसे कि बीमा या निवेश योजनाएं, जिन्हें अक्सर फिक्स्ड डिपॉजिट के नाम पर पेश किया जाता है। इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं वरिष्ठ नागरिक और वित्तीय जानकारी से वंचित ग्राहक।

राव ने वित्तीय समावेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अभी भी अत्यधिक ब्याज दरें वसूली जा रही हैं, जो ग्राहकों के लिए बोझ बन रही हैं। उन्होंने आगाह किया कि माइक्रो फाइनेंस संस्थानों को सिर्फ मुनाफे के नजरिए से नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और विकासशील दृष्टिकोण से काम करना चाहिए।

हालांकि उन्होंने यह भी माना कि दूरदराज इलाकों में लागत और जोखिम अधिक होते हैं लेकिन फिर भी कई संस्थाएं सस्ते फंड के विकल्प होते हुए भी ज्यादा ब्याज वसूल रही हैं जो अनुचित और शोषणकारी है।

# भारत का तेजी से मजबूत हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार बताया कि देश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आई क्रांति को 11 साल हो गए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तेजी से विस्तारित हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क ‘जीवन को आसान’ बना रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार बताया कि देश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आई क्रांति को 11 साल हो गए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तेजी से विस्तारित हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क ‘जीवन को आसान’ बना रहा है और समृद्धि को बढ़ावा दे रहा है।

मोदी ने एक्स पर कहा, इन्फ्रा-क्रांति के 11 साल हो गए हैं, जिसमें उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को जोड़ा गया है, जिससे भारत की विकास दर में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों तक, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से विस्तारित हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक सूत्र साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया।



इस बीच, माय गोव इंडिया पर पर पोस्ट में लिखा गया है, स्मार्ट शहर। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन - त्नन्यूइंडिया का बुनियादी ढांचा वादा। प्रधानमंत्री ञ्चनरेंद्रमोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मा का संगम होता है, और प्रत्येक मील का पत्थर एक अरब लोगों की उम्मीदों को लेकर चलता है। हाईवे दूरियों को कम करते हैं, पुल समुदायों को एकजुट करते हैं, और डिजिटल नेटवर्क नवाचार को बढ़ावा देते हैं। ये सभी भारत के बुनियादी ढांचे से कहीं अधिक का निर्माण कर रहा है। यह आत्मविश्वास, कनेक्टिविटी और हर भारतीय के सपने के लिए एक सुंदर कैनवास का निर्माण कर रहा है।

इस सूत्र ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह गतिशील परिवर्तन केवल प्रगति के बारे में नहीं है- यह प्रत्येक नागरिक के उत्थान और भारत के भविष्य को बदलने के वादे के बारे में है। एक अन्य पोस्ट में मोदी ने कहा, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है।

ऑस्ट्रेलियन रेस वॉकिंग

## प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल, सत्र की पहली जीत दर्ज की; रामबाबू को कांस्य पदक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। 10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और पेनाल्टी के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप



**साउथम्पटन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

## 16वां डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट मार्टिन नें बनाई एकल बढ़त, हिमल ठीक पीछे



**फोरनी दी सोपरा , इटली, एजेंसी।** इटली के विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध डोलोमाइट्स पर्वतमाला में स्थित फोर्नी दी सोपरा में 16वें डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का आधा पडाव अब पार हो गया है टूर्नामेंट के पांचवें राउंड के बाद बुल्गारिया के टॉप सीड ग्रांड मास्टर मार्टिन पेट्रोव चार जीत और एक ड्रॉ के साथ 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है । जबकि भारत के इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसेन भारत के अगले ग्रांड मास्टर बनने की राह मे कदम बढाते हुए 3 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 4 अंक बनाते हुए सयुंक्त दूसरे स्थान पर है , हिमल जिनकी वर्तमान रेटिंग 2490 है फिलहाल अपनी रेटिंग मे 2 अंक और जो? चुके है और जबकि वह टूर्नामेंट में खेल रहे दोनों ग्रांड मास्टर्स से खेल चुके है उम्मीद है वह अपनी रेटिंग में बचे हुए चार राउंड में और अंक जोएंगे

# रियान पराग होंगे कप्तान!

## इंग्लैंड सीरीज के बीच इस छोटे देश के दौरे पर जाएगी भारत की ये टीम






| सीरीज का शेड्यूल |
| --- |
| पहला मैच-21 जून 2025 |
| दूसरा मैच-23 जून 2025 |
| तीसरा मैच- 25 जून 2025 |
| चौथा मैच- 27 जून 2025 |
| पांचवां मैच- 29 जून 2025 |

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में जमकर तैयारी कर रही है. उसे 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसी बीच भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. भारत की एक टीम इस सीरीज के दौरान नामीबिया का दौरा करेगी. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड इस दौरे का ऐलान भी कर दिया है, जिसमें 5 वनडे मैच खेले जाएंगे. ये सीरीज काफी ऐतिहासिक रहने वाली है, और दोनों देशों के खिलाड़ियों के पास एक बड़ा मौका होगा. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि वे असम क्रिकेट संघ के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज की मेजबानी करेंगे. यानी असम की क्रिकेट टीम इसी महीने नामीबिया के दौरे पर जाने वाली है. यह रोमांचक सीरीज 21 जून 2025 से शुरू होकर 29 जून 2025 तक चलेगी, और सभी मैच विन्ढोक स्थित एफएनबी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे. जो नामीबिया का प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम है. इस सीरीज से पहले नामीबियाई क्रिकेट टीम ने पंजाब और कर्नाटक के खिलाफ भी 50 ओवर के मैचों की सीरीज खेली थी, जो उनकी तैयारियों को मजबूत करने में मददगार रही.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टार बल्लेबाज रियान पराग नामीबिया के असम टीम की कप्तानी करेंगी. वह घरेलू क्रिकेट में असम की ओर से ही खेलते हैं. आईपीएल में शानदार सीजन बिताने के बाद पराग युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली संतुलित टीम की अगुआई करने के लिए तैयार माने जा रहे हैं. दूसरी ओर, नामीबिया की टीम गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में मैदान पर उतर सकती है.

## रोहित का वनडे करियर भी खत्म !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट फॉर्मेट में अभी अलग-अलग कप्तान हैं. रोहित शर्मा के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद बीसीसीआई ने शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया, जो अभी इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे. टी20 में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं, हालांकि अभी वनडे में रोहित ही कप्तान हैं. लेकिन एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बोर्ड को लगा था कि रोहित खुद को चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. वनडे फॉर्मेट में बीसीसीआई की प्लानिंग 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर होगी. रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी. उनकी कप्तानी में भारत ने इस साल चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, हालांकि उन्होंने संन्यास नहीं लिया. लेकिन इसके बाद उन्होंने टेस्ट से अलविदा कह दिया है. रोहित शर्मा 2027 में 40 साल के होंगे, ऐसे में सवाल ये हैं कि क्या उनकी फिटनेस और फॉर्म उस समय ऐसी होगी कि वह स्क्वॉड में जगह बना पाए. इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बीसीसीआई नए वनडे कप्तान पर विचार कर रही है.

## पूरन को संन्यास के एक दिन बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट ) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा, 'बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने करियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाए थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा की

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ), एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन घरेलू टेस्ट मैचों में प्रतिष्ठित सर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए 16 खिलाड़ियों की अपनी टीम की घोषणा की है। सीरीज की शुरुआत 25 जून को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में होगी। यह श्रृंखला दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण होगी क्योंकि तीन टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-2027 चक्र की शुरुआत को होंगे। वेस्टइंडीज की टीम एक नई शुरुआत के संकेत दे रही है क्योंकि इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ हुई श्रृंखला में खेलने वाली टीम में कई बदलाव किए गए हैं। जॉन कैंपबेल 2022 के बाद पहली बार टीम में लौटे हैं, जिससे शीर्ष क्रम में विकल्प मजबूत हुए हैं। उन्होंने अपने शानदार घरेलू सत्र की बदौलत तीन साल बाद टीम में जगह बनाई। कैंपबेल के साथ, केसी कार्टी को पाकिस्तान में उनके कार्यकाल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। यह निर्णय सभी प्रारूपों में बल्ले से उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया है। पिछले महीने 28 वर्षीय ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे में दो शतक लगाए और इंग्लैंड में तीन 50 ओवर के मुकाबलों में मैरून में पुरुषों के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## अहमदाबाद ने कोलकाता को 8-7 से हराया, विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ बड़ा उलटफेर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने कोलकाता थंडरब्लेड्स को 8-7 से हरा दिया। यह मैच अहमदाबाद के ईकेए एरेना में मंगलवार को खेला गया। भारतीय खिलाड़ी स्नेहिल सुरावज्जुआ ने विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी क्वाड्री अरुणा को सीधे गेम में हरा कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। शानदार जीत के बावजूद, अहमदाबाद एसजी पाइपर्स प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है और उनका इंडियन आयल यूटीटी सीजन 6 का सफर यहीं समाप्त हो गया। वहीं, कोलकाता थंडरब्लेड्स को अपनी प्लेआफ की किस्मत का फैसला जानने के लिए आखिरी दो मुकाबलों का इंतजार करना होगा। वहीं, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और दबंग दिल्ली टीटीसी ने भी प्लेआफ के लिए क्वालिफाई किया।

शाम की शुरुआत रोमांच से हुई जब जर्मन खिलाड़ी रिकार्डो वाल्टर ने कोलकाता के अंकुर भट्टाचार्य को सीजन की पहली हार चखाई। अंकुर ने पहले गेम में 7-1 की बढ़त ली थी, लेकिन वाल्टर ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह गेम 11-10 से जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरा गेम 11-5 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अंकुर ने आखिरी गेम जीतकर कोलकाता को मुकाबले में बनाए रखा।


महिला एकल में, आयहिका मुखर्जी ने प्यूर्टो रिको की दिग्गज खिलाड़ी एड्रियाना डियाज के खिलाफ पहला गेम जीत लिया, लेकिन डियाज ने अगला दोनों गेम बड़े अंतर से जीतकर मुकाबला 2-1 से अपने नाम किया। निर्णायक गेम में डियाज़ ने 11-1 से बाजी मारी। मिक्स्ड डबल्स में अंकुर और डियाजी ने दबाव के क्षणों में संयम बरतते हुए वाल्टर और आयहिका को 2-1 से हराया।

अब तक सीजन में जीत की तलाश कर रहे स्नेहित ने चौथे मैच में क्वाड्री अरुणा को 3-0 से हराकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले गेम में 9-10 और दूसरे गेम में 5-8 से पिछड़ने के बावजूद वापसी की और आक्रामक फोरहैंड शॉट्स के दम पर एकतरफा अंदाज़ में जीत दर्ज की। यह यूटीटी सीज़न 6 की सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीतों में से एक रही।

## अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। अब तक कुल मिलाकर 10 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट





अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया ऑस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में डेब्यू के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।

ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। उरुग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं और क्वालिफिकेशन के बेहद करीब है वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है, चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ खेलने का मौका मिलेगा ।

# दीपिका पादुकोण देशभर में खोलेंगी

## पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के 75 नए सेंटर



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जितनी बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, उतनी ही अच्छी बैडमिंटन प्लेयर रह चुकी हैं।

बता दें कि वह नेशनल लेवल पर बैडमिंटन खेल चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह बचपन से ही बैडमिंटन खेलते हुए बड़ी हुई हैं। इस खेल ने उनकी ज़िंदगी को नया आकार दिया है। ऐसे में वह चाहती हैं कि और लोग भी इस खेल से जुड़ें, इसके लिए उन्होंने पूरे देश में पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के 75 नए सेंटर खोलने का लक्ष्य रखा है।

दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने पापा प्रकाश पादुकोण के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। उनके पापा बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ी रह चुके हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, मैंने बचपन में बैडमिंटन खेला है, और मैंने खुद महसूस किया है कि यह खेल इंसान की जिंदगी को कई तरीकों से बदल सकता है, शारीरिक, मानसिक और भावनाओं से भी। दीपिका ने बताया कि पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी) के 75 नए सेंटर देशभर में खोले जा रहे हैं। पीएसबी के जरिए हम चाहते हैं कि बैडमिंटन की खुशी और अनुशासन हर क्षेत्र के लोगों तक पहुंचे। हमारा मकसद है कि एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो, जो सेहतमंद हो, ध्यान से काम करे और खेलों से प्रेरित हो। प्रेस नोट में लिखा, पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी), जिसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण ने की है और इसे उनके पिता व पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण मार्गदर्शन दे रहे हैं, ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पीएसबी अपने पहले ही साल में भारत के 18 शहरों में 75 से ज्यादा कोचिंग सेंटर्स शुरू करने जा रहा है। इन शहरों में बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, जयपुर, पुणे, नासिक, मैसूर, पानीपत, देहरादून, उदयपुर, कोयंबटूर, सांगली और सूरत जैसे शहर शामिल हैं। प्रेस नोट में आगे कहा गया, बैडमिंटन फॉर ऑल के मिशन के साथ, पीएसबी का लक्ष्य है कि साल के अंत तक 100 सेंटर्स और अगले तीन सालों में 250 सेंटर्स तक पहुंचा जाए। नोट में आगे कहा गया, अकादमी का मकसद है कि अच्छी और किफायती बैडमिंटन कोचिंग हर किसी को मिल सके, चाहे वह किसी भी उम्र का हो। प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में बनाई गई कोचिंग पद्धति के जरिए, यह संस्था देश भर के स्कूल के बच्चों और कामकाजी लोगों को बैडमिंटन से जोड़ना चाहती है। साथ ही, यह उन लोगों को भी मदद देना चाहती है जो बैडमिंटन कोच बनना चाहते हैं, ताकि उन्हें अच्छी ट्रेनिंग और एक स्थिर करियर मिल सके। नोट में आगे लिखा गया, पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन स्कूलों, संस्थाओं और पहले से मौजूद स्पोर्ट्स वेन्यू के साथ मिलकर छोटे-छोटे ट्रेनिंग सेंटर शुरू करता है। इन सेंटर्स से चुने गए अच्छे खिलाड़ी बेंगलुरु में मौजूद इसके तीन बड़े हाई-परफॉर्मेंस सेंटर्स में एडवांस ट्रेनिंग के लिए भेजे जाते हैं।

### पूजा बेदी ने शेयर किया पोस्ट, बोलीं-

# मैं अब वही करती हूं जो मेरे लिए सार्थक हो, न कि परफेक्ट



अभिनेत्री पूजा बेदी ने समाज में परफेक्शन की चाहत रखने वालों पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने बताया कि वह अब दिखावे की बजाय मन की शांति और सच्चाई को प्राथमिकता दे रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि प्रभावशाली दिखना जरूरी नहीं है।

अभिनेत्री पूजा बेदी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने परफेक्शन पर अपने विचार रखे। पूजा ने अपने पोस्ट में बताया कि वास्तव में परफेक्शन को लेकर क्या नजरिया है। उन्होंने बताया, समाज हमसे हर समय, हर जगह परफेक्ट होने की उम्मीद करता है। हम देखने में परफेक्ट हों, काम में परफेक्ट हों और कोई कमी न रहे। लेकिन, मैं अब यह समझ गई हूं कि इस दबाव से बाहर निकलना होगा। इसलिए जो महत्वपूर्ण है, उसी का चयन करें, न कि प्रभावशाली दिखने की दौड़ में शामिल हों। उन्होंने बताया, मुझे सुनहरे पेन से डायरी लिखने, सुबह तक चमकते चेहरे के लिए टॉनिक या किसी तरह के जूस देने की जरूरत नहीं है। मैं ऊर्जा को सुंदरता से, उद्देश्य को प्रदर्शन से ज्यादा महत्व देती हूं। यह नियंत्रण बनाम अराजकता नहीं, बल्कि सोच-समझकर चुने गए रास्ते की बात है।

परफेक्शन एक बदलता लक्ष्य है, लेकिन प्राथमिकताएं एक दिशा-सूचक की तरह हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं अब वही करती हूं, जो मेरे लिए सार्थक हो, न कि परफेक्ट। प्राथमिकताएं शांति देती हैं। जबकि, परफेक्शन चमक के साथ तनाव देता है। कुछ दिन मैं चमकती हूं, कुछ दिन ठोकर खाती हूं, लेकिन हमेशा उस दिशा में चलती हूं, जो सही लगता है। यही मेरे लिए काफी है। पूजा बेदी अभिनेता कबीर बेदी की बेटी हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1991 में 'विषकन्या' से की थी। इसके बाद वह आमिर खान के साथ 'जो जीता वही सिकंदर' में नजर आईं, जो उनकी सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इसके अलावा 'लुटेरे' और 'आतंक ही आतंक' जैसी फिल्मों में भी उन्होंने काम किया है।

# पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा को 3 साल पुराने करीबी दोस्त से मिला धोखा

### ➢ गंवाई अपनी सारी कमाई, रो-रोकर बुरा हाल

टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी और एक्टर कुणाल वर्मा को एक करीबी दोस्त ने धोखा दिया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इस धोखे के कारण कपल ने अपनी सारी जमा पूंजी खो दी है और वे पूरी तरह से टूट चुके हैं। टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी और एक्टर कुणाल वर्मा के साथ उनके ही एक करीबी दोस्त ने फ्रॉड किया, जिस कारण कपल ने अपनी पूरी सेविंग गंवा दीं। वह अब पूरी तरह से टूट चुके हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह कहां से नई शुरुआत करें। उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि 3 साल के करीबी दोस्त से धोखा खाने के बाद उन्होंने अपनी सारी बचत खो दी है। वह रो-रोकर थक गए हैं। एक्ट्रेस पूजा बनर्जी ने बताया, पिछले दो-तीन महीने हमारे लिए बहुत मुश्किल रहे हैं। हमें नहीं पता कि आगे क्या होगा। हमारे साथ पैसों की धोखाधड़ी हुई है और एक मोटी रकम हमने गंवा दी है। अब हमें जीरो से शुरुआत करनी होगी। और हम हार नहीं मानना चाहते। हमने इस फ्रॉड में अपनी सारी सेविंग्स खो दी। हम बस इतना चाहते हैं कि आप सभी हमारा सपोर्ट करें और हमारे लिए प्रार्थना करें। हमें भगवान पर भरोसा है।



# रणवीर सिंह के मूलांक में छिपा है उनके स्टाइल और चार्म का राज



रणवीर सिंह की गिनती बॉलीवुड के उन चुनिंदा चार्मिंग और स्टाइलिश एक्टर्स में होती है, जो अपने स्टाइल से लोगों के बीच सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बने रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं इसके पीछे का राज उनके मूलांक में छिपा है. हिंदू धर्म में ज्योतिष शास्त्र और अंक शास्त्र का बेहद खास महत्व माना जाता है. मान्यता है कि जिस तरह से ज्योतिष शास्त्र से कुंडली तैयार कर किसी व्यक्ति के भविष्य का पता लगाया जा सकता है, ठीक उसी तरह से अंक शास्त्र के जरिए किसी व्यक्ति की जन्मतिथि के आधार पर उसके मूलांक से उसके स्वभाव, सुंदरता, बर्ताव और भविष्य का पता भी लगाया जा सकता है. हर मूलांक के व्यक्ति के अंदर कुछ खूबियां तो कुछ खामियां होती हैं, जो उसके मूलांक से भी तय की जाती है.

### कैसे निकालें मूलांक?

अंक ज्योतिष शास्त्र में 1 से लेकर 9 तक मूलांक होते हैं. इस आर्टिकल में हम मूलांक 6 के बारे में बताने जा रहे हैं. जब किसी व्यक्ति का जन्म किसी महीने की 6, 15 या 24 तारीख को होता है, तो उसका मूलांक 6 माना जाता है. इस मूलांक का संबंध शुक्र ग्रह से होता है, जो प्रेम, सौंदर्य और धन के कारक माने जाते हैं. ऐसे में इस मूलांक के जातकों को बचपन से ही सुख समृद्धि और सौंदर्य की प्राप्ति होती है.

रणवीर की लाइफ पर कैसे फिट बैठता है मूलांक 6?

बॉलीवुड में अपने अलबेले अंदाज और फैशन सेंस के लिए जानें जाने वाले रणवीर सिंह का जन्म 6 जुलाई 1985 को हुआ था, जिससे उनका मूलांक 6 बनता है. अंक ज्योतिष शास्त्र में मूलांक 6 के लिए बताए गए प्रतीक रणवीर सिंह के व्यक्तित्व में साफ झलकते हैं. आइए जानते हैं कैसे यह मूलांक उनकी जिंदगी और करियर को चमकाता है.

### रणवीर सिंह की अट्रैक्टिंग और चार्मिंग पर्सनैलिटी

मूलांक 6 के लोग अपने आकर्षक अंदाज के लिए जाने जाते हैं और रणवीर सिंह इसका जीता-जागता एग्जांपल हैं. एक्टर की बिंदास एनर्जी और चार्म हर कसी को उनकी तरफ आकर्षित करती है. चाहे वह ऑनस्क्रीन हो या फिर ऑफस्क्रीन वे हमेशा ही लाइफलाइट में बनें रहते हैं.

# इस हसीना ने ब्रालेस होकर मचाई इंटरनेट पर तबाही



**एक्ट्रेस** शालिनी पांडे साउथ फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं. वह कई सुपरहिट मूवीज में नजर आ चुकी हैं. हाल ही में वह आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ फिल्म महाराज में दिखी थीं. नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस मूवी में शालिनी के रोल को काफी पसंद किया गया था. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज पोस्ट करती नजर आ जाती हैं. अब शालिनी ने लेटेस्ट तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह ब्रालेस होकर धांसू अंदाज में पोज दे रही हैं. यहां देखें शालिनी पांडे की लेटेस्ट तस्वीरें. तस्वीरों में देखा जा सकता है कि शालिनी ने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप पहना है और साथ ही यह टॉप गीला है. इस ट्रांसपेरेंट आउटफिट में शालिनी अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं. इस व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ शालिनी ने स्कर्ट पहनी हुई है और इस आउटफिट में वह ना सिर्फ अपनी पतली कमरिया बल्कि टोन्ड लेग्स भी जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं. फोटो में उनके गीलों बालों ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं. इस आउटफिट के साथ शालिनी पांडे ने न्यूड मेकअप कर रखा है, जो उनके लुक्स को भी और भी ज्यादा निखार रहा है.

# द रोमांटिक्स से फिल्म सैयारा बनाने का आया आइडिया



**निर्देशक** मोहित सूरी, जिन्हें आशिकी 2, अवारापन और 'एक विलेन' जैसी हिट फिल्मों के लिए जाना जाता है, ने हाल ही में अपनी नई फिल्म सैयारा को लेकर खुलासा किया। सूरी ने बातचीत करते हुए बताया कि आखिर क्यों एक बार फिर उन्होंने रोमांटिक शैली को चुनने का फैसला किया। बात करते हुए निर्देशक मोहित सूरी ने कहा कि जब उन्होंने देखा कि बॉलीवुड में लगभग हर कोई एक्शन फिल्में बना रहा है और पर्दे पर इमोशन्स की कहानी की भारी कमी है, तो उन्होंने फिर से रोमांटिक फिल्म बनाने का फैसला किया। मोहित सूरी ने कहा, मैं थोड़ा भटक गया था। लगातार दो थ्रिलर फिल्में बनाने के बाद मैंने देखा कि लगभग हर कोई एक जैसी फिल्में बना रहा था। हर जगह इमारतें उड़ाई जा रही हैं, हेलिकॉप्टर उड़ रहे हैं, हर कोई एक जैसा काम कर रहा था। मैंने एक फिल्म का बहुत अच्छा ट्रेलर देखा था, लेकिन मैं उस फिल्म को देखने नहीं गया। फिर मैंने सोचा, अगर मैं खुद उस फिल्म को देखने नहीं जा रहा, तो दूसरों से कैसे उम्मीद करूं कि वह फिल्म देखने जाएं? उन्होंने आगे कहा कि नेटफ्लिक्स की सीरीज द रोमांटिक्स देखकर मुझे फिर से रोमांटिक फिल्मों की तरफ लौटने की प्रेरणा मिली और इस तरह सैयारा की शुरुआत हुई। उन्होंने आगे कहा, उस समय मैं कुछ लिख रहा था। हैरानी की बात यह है कि मुझे खुद नहीं पता था कि मैं क्या बना रहा हूं। तभी मैंने डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोमांटिक्स देखी, जो बहुत शानदार थी। उन्हें देखकर मुझे समझ आया कि हिंदी फिल्मों में रोमांटिक हीरो कैसे आए और उनका क्या महत्व है। मोहित सूरी ने कहा, फिर मैंने अपने राइटर से बात की, जो मेरे साथ असिस्टेंट एसोसिएट डायरेक्टर के तौर पर भी काम कर रहा था। मैंने उससे कहा कि चलो एक रोमांटिक फिल्म लिखते हैं। उस वक्त हमारे पास कोई प्रोड्यूसर नहीं था, सिर्फ एक आइडिया था। सैयारा फिल्म यश राज फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी है और यह 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# कोरोना के बाद डिप्रेशन से जूझ रहीं थीं यूट्यूबर ऐश्वर्या

**कॉमेडियन** और यूट्यूबर ऐश्वर्या मोहनराज ने बताया कि उन्हें कोविड हो गया था। इस कारण से वह कई दिनों से सोशल मीडिया से गायब थी। इसके साथ ही उन्होंने कई बातों का खुलासा किया है। ये सारी जानकारी यूट्यूबर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी है। जानिए कि कॉमेडियन ने क्या कहा।



### ऐश्वर्या मोहनराज को हुआ था कोविड

ऐश्वर्या मोहनराज ने आज मंगलवार के दिन अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में उन्होंने अपने मानसिक स्थिति का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा, वो क्यों गायब हो गई थीं? मैंने इसकी योजना नहीं बनाई थी, लेकिन ऐसा ही हुआ। मुझे कोविड हो गया था और मैं पूरी तरह से परेशान हो गई। मैंने खुद को क्वारंटीन कर लिया और अपने पति से दूर रहने लगी (जो मेरी मानसिक स्थिति के लिए बहुत बुरी बात है)। मैं पूरी तरह से डिप्रेशन के दौर से गुजरी (अभी भी मैं डिप्रेशन में हूं और अगर मेरे पिता यह पढ़ रहे हैं- हां मैं डॉक्टर से अपॉइंटमेंट ले लूंगी)।'

### ऐश्वर्या बोलीं- यही जीवन है

आगे स्टोरी में ऐश्वर्या मोहनराज ने कहा, 'वैसे भी, बताने के लिए कुछ भी नया नहीं है। मेरे कुछ कमबैक वीडियो देखें और आपको सब समझ में आ जाएगा। लेकिन कहानी का मोटिव यह है कि यह ऐसे ही होने वाला है दोस्तों, थोड़ा हॉरर स्टोरी की तरह। यही जीवन है, यही दस्तूर है।'

### 'मालिक' फिल्म में राजकुमार राव की प्रेमिका बनेंगी

# मानुषी छिल्लर



**बॉलीवुड** एक्टर राजकुमार राव इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'मालिक' को लेकर खूब चर्चा में हैं. फिल्म का पहला पोस्टर और गाना 'नामुमकिन' हाल ही में रिलीज किया गया है, जिसे देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं. फिल्म के पोस्टर में राजकुमार के साथ मानुषी छिल्लर नजर आ रही है. बॉलीवुड के सुपरस्टार राजकुमार राव की नई फिल्म 'मालिक' इन दिनों सुर्खियों में है. कुछ दिनों पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसके बाद फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हो गए है. कॉमेडी और रोमांटिक फिल्मों के अलावा राजकुमार को गैंगस्टर के रूप में देखना सभी के लिए नया और शानदार है. इसी बीच फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी कर दिया गया है. इस फिल्म में पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर राजकुमार राव की प्रेमिका का किरदार निभा रही हैं. पोस्टर में दोनों एक-दूसरे के साथ नजर आ रहे हैं और उनकी केमिस्ट्री बहुत प्यारी लग रही है.